PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)





# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228
(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)
वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ़, शनिवार, 19 सितंबर 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## सचिन राघव मामले में न्याय की मांग, पंडित तन्नू जी महाराज ने 22 सितंबर को आत्महत्या की चेतावनी दी



**अलीगढ़**। **सचिन राघव** के साथ हुई मारपीट के मामले को लेकर अलीगढ़ के कथावाचक **पंडित तन्नू जी महाराज** का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में **पंडित तन्नू जी महाराज ने** मामले में न्याय की मांग करते हुए गंभीर चेतावनी दी है।

वीडियो में **तन्नू जी महाराज कथित तौर पर कहते नजर** आ रहे हैं कि यदि **सचिन राघव मामले में न्याय** नहीं मिला तो वह **22 सितंबर को आत्महत्या कर लेंगे**। उनके इस बयान के बाद मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

गौरतलब है कि **सचिन राघव के साथ मारपीट** का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने उपलब्ध CCTV फुटेज, वायरल वीडियो और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान और कार्रवाई की बात कही थी।

अब **पंडित तन्नू जी महाराज** द्वारा सामने रखी गई इस चेतावनी के बाद सचिन राघव प्रकरण में न्याय और आगे की कार्रवाई को लेकर एक बार फिर सवाल उठ रहे हैं।

यह वीडियो **पंडित तन्नू जी महाराज** के सार्वजनिक बयान के आधार पर प्रसारित किया जा रहा है। आत्महत्या से जुड़ा उनका बयान गंभीर है और संबंधित प्रशासन से मामले में संवेदनशीलता के साथ आवश्यक कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

## अलीगढ़: क्षत्रिय करणी सेना युवा जिलाध्यक्ष पर हमले में दो गिरफ्तार, एफआईआर में 100 से अधिक अज्ञात का जिक्र



अलीगढ़ में क्षत्रिय करणी सेना युवा जिलाध्यक्ष सचिन राघव पर स्टेट बैंक तिराहे पर भीड़ द्वारा हमले और आंबेडकर पार्क में माफी मंगवाने के मामले में सिविल लाइंस पुलिस ने शीशियापाड़ा निवासी करण उर्फ अक्कू और अंकुश को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। क्षत्रिय करणी सेना के युवा जिलाध्यक्ष सचिन राघव पर हुए कथित हमले के मामले में सिविल लाइंस पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की पहचान करण उर्फ अक्कू और अंकुश निवासी शिशियापाड़ा, थाना गांधीपार्क के रूप में हुई है। दोनों को सिविल लाइंस थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी करण के खिलाफ पूर्व में पांच और अंकुश के खिलाफ चार मुकदमे दर्ज हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। यहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मंगलवार को हुई सवर्ण महापंचायत के दौरान सचिन के भाई सुंदर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों ने वीडियो डिलीट करने की मांग की थी। सचिन के इन्कार करने पर मामला तूल पकड़ गया। बुधवार को सचिन राघव स्टेट बैंक पर चीला खा रहा था कि तभी लोगों की भीड़ ने उसे घेर लिया और दौड़ा दौड़ा कर पीटा। हमलावर घेरते हुए उसे आंबेडकर पार्क में ले गए और उससे माफी मंगवाते हुए कुछ नारे भी लगवाए। इस पूरे घटनाक्रम के कई वीडियो वायरल हुए जो पुलिस तक भी पहुंचे। सचिन राघव की तहरीर पर 16 सितंबर को थाना सिविल लाइंस में 100 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। एफआईआर में जान से मारने के इरादे से हमला, मारपीट और धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। दो आरोपियों को जेल भेज दिया है। आरोपी शीशियापाड़ा के रहने वाले करन और अंकुश हैं। करन पर पहले से ही पांच और अंकुश पर चार आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वीडियो फुटेज में दिख रहे अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।- सर्वम सिंह, सीओ तृतीय

**सचिन राघव का करणी सेना से कोई संबंध नहीं : गौरव राज**

सचिन राघव के साथ हुई कथित मारपीट के मामले में करणी सेना के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री गौरव राज चौहान ने कहा कि सचिन राघव का संगठन करणी सेना पंजीकृत से कोई संबंध नहीं है। शुक्रवार को रामघाट रोड स्थित एक स्कूल में प्रेसवार्ता में गौरव राज चौहान ने कहा कि सचिन राघव संगठन के सदस्य या किसी पद पर नियुक्त पदाधिकारी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत टिप्पणी या सोशल मीडिया गतिविधि के लिए संगठन को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। गौरव चौहान ने कहा कि यदि सचिन राघव ने किसी व्यक्ति, समाज या समुदाय के खिलाफ कोई आपत्तिजनक टिप्पणी की है तो उसकी जिम्मेदारी उनकी व्यक्तिगत होगी। प्रेसवार्ता में पदाधिकारियों ने घटना को लेकर भीम आर्मी से जुड़े लोगों पर आरोप लगाए और कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। हालांकि, इन आरोपों के समर्थन में प्रेसवार्ता में कोई स्वतंत्र साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने की जानकारी नहीं दी गई। जिलाध्यक्ष सुमित तोमर ने कहा कि संगठन इस प्रकरण को गंभीरता से ले रहा है। उन्होंने बताया कि अलीगढ़ में जल्द महासभा आयोजित की जाएगी, जिसमें संगठन की स्थिति स्पष्ट करने के साथ कानून-व्यवस्था, सामाजिक सौहार्द और न्यायिक प्रक्रिया के सम्मान का संदेश दिया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र चौहान, प्रदेश प्रवक्ता दिनकर परिहार, प्रदेश महामंत्री युवा शक्ति अंकित सैनी और बृज युवा शक्ति प्रांत अध्यक्ष आशीष चौहान भी मौजूद रहे। इस मामले में सचिन राघव का कहना है कि उनका संगठन क्षत्रिय करणी सेना है। गौरव चौहान कौन हैं, उनको वह नहीं जानते हैं।

**एसपी से वार्ता का दावा कर फंसे करणी सेना नेता**

स्टेट बैंक तिराहे पर सचिन राघव के साथ मारपीट की घटना के बाद कई तरह के दावे सोशल मीडिया पर किए जा रहे हैं। इस क्रम में एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पोस्ट पर स्वयं को क्षत्रिय करणी सेना का संभाग अध्यक्ष ठाकुर मनोज सिकरवार बताते हुए दावा किया कि उनकी इस प्रकरण में पुलिस अधीक्षक से बात हो गई है। इस दावे को अलीगढ़ पुलिस ने पूरी तरह भ्रामक बताया है। पुलिस की ओर से कहा गया है कि इस व्यक्ति की पुलिस अधीक्षक से न तो कोई वार्ता हुई है और नही प्रसारित ऑडियो में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की आवाज है। सीओ सर्वम सिंह ने बताया कि इस प्रकार की भ्रामक पोस्ट करने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है। इसके साथ पुलिस के रडार पर ऐसी सभी पोस्ट आ गई हैं, जिनमें तथ्यों से परे दावे किए जा रहे हैं।

**सचिन की पत्नी ने एसपी सिटी से की मुलाकात**

बुधवार को सचिन की पत्नी सृष्टि राघव शुक्रवार को एसपी सिटी से मिलने उनके कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने कहा कि सचिन की पूरे प्रकरण में कोई गलती नहीं थी। सचिन केवल अपने किए गए कार्य के संबंध में बता रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके घर में सभी वर्ग के लोग आते हैं और साथ में खाना खाते हैं। इस प्रकरण को बिगाड़ कर प्रस्तुत किया गया है। एसपी सिटी आदित्य बंसल के समक्ष पूरी बात रखी गई है।

## यूपीआई : व्यापारी बोले-बंद कर देंगे भुगतान लेना




यूपीआई पर दो हजार से अधिक का भुगतान लेने में लागू की जा रही कर व्यवस्था का व्यापारी पुरजोर विरोध कर रहे हैं। कुछ व्यापारियों ने यह तक कह दिया है कि वह धीरे-धीरे इससे भुगतान लेना बंद कर रहे हैं। कुछ बोले 15 अक्तूबर तक सरकार के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। अगर सरकार ने चार्ज वापस नहीं लिया तो मजबूरी में बंद करना होगा।

व्यापारियों ने कहा कि सरकार पहले लोगों को आदत लगवाती है और बाद में हर व्यवस्था में कर लागू कर वसूली पर उतर आती है। हम यूपीआई से भुगतान लेना बंद कर रहे हैं। ग्राहकों से नकद लेन-देन करने के लिए कह रहे हैं। कर का और बोझ सहन करना मुश्किल है।

**नौरंगीलाल, किराना कारोबारी, निरंजनपुरी।**

सराफा में छोटी खरीदफरोख्त भी आठ से दस हजार की होती है। अगर यूपीआई से भुगतान लेंगे तो कर देते-देते हालत खराब हो जाएगी। इसको बंद करना पड़ेगा।

कंचन कुमार गुप्ता, सराफा कारोबारी, क्वार्सी।

15 अक्तूबर के बाद भी अगर कर लेने की व्यवस्था में बदलाव नहीं हुआ तो मजबूरी में हमें यूपीआई से भुगतान लेना बंद करना पड़ेगा। यह कदम उचित नहीं है। **प्रमोद कुमार, तालसपुर बंबा, रामघाट रोड।**

ग्राहकों से नकद भुगतान मांग रहे हैं, ताकि यूपीआई से भुगतान की आदत कम की जाए। पहले से ही कर का बोझ बहुत ज्यादा है, इसे और ज्यादा सहन नहीं किया जा सकता है।

**रोहित अग्रवाल, मिष्ठान विक्रेता, रामघाट रोड।**

यूपीआई से भुगतान लेना कम कर रहे हैं। 15 अक्तूबर तक अगर सरकार ने इस पर से कर नहीं हटाया तो इस सेवा को ही बंद करना पड़ेगा और कोई रास्ता नहीं है।

**गौरव कुमार, दवा विक्रेता, रामघाट रोड।**

सरकार ने पहले लोगों को यूपीआई की आदत डलवाई और अब उस पर कर लगाकर आय करने का प्रबंध कर रही है। डिजिटल लेनदेन को ऐसे बढ़ावा नहीं दिया जा सकता है।

**दर्शन शर्मा, रामघाट रोड।**

## Aligarh News: इंस्टाग्राम पर मुनाफे का सपना दिखा 2.87 लाख लेकर गायब हुए साइबर ठग




पहले 130 रुपये निकालकर जीता भरोसा, फिर निवेश के नाम पर बड़ी रकम फंसाई

टेलीग्राम से व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा, वेबसाइट बदली और फिर संपर्क तोड़ दिया

अलीगढ़। इंस्टाग्राम पर निवेश का विज्ञापन... टेलीग्राम ग्रुप... फिर व्हाट्सएप का मिलेनियम वेल्थ ग्रुप । पहले महज 130 रुपये निकालकर भरोसा कायम किया और जब विश्वास पक्का हो गया तो निवेश के नाम पर 2.87 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए।

इसके बाद वेबसाइट बंद और ठगों का संपर्क भी गायब। साइबर ठगी का यह तरीका बन्नादेवी क्षेत्र के रहने वाले सूर्यांश आदित्य के साथ सामने आया है।

पीड़ित के मुताबिक कुछ समय पहले इंस्टाग्राम पर निवेश से संबंधित विज्ञापन दिखाई दिया। विज्ञापन पर क्लिक करते ही उसे टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया गया। इसके बाद व्हाट्सएप पर मिलेनियम वेल्थ ग्रुप में शामिल कर निवेश के जरिए अच्छा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया।

**130 रुपये लौटाकर कहा- देखिए, पैसा सुरक्षित है...**

ठगों ने भरोसा जीतने के लिए पहले छोटा खेल खेला। पीड़ित ने निवेश प्लेटफॉर्म की विश्वसनीयता जांचने के लिए 130 रुपये निकालने का अनुरोध किया। रकम उसके खाते में आ भी गई। इससे उसे लगा कि वेबसाइट और निवेश की प्रक्रिया वास्तविक है। इसी भरोसे के बाद उसने बड़ी रकम निवेश कर दी।

एफआईआर के अनुसार पीड़ित ने कुल 2,87,460 रुपये निवेश कर दिए। कुछ समय बाद निवेश वाली वेबसाइट बंद हो गई। इसके बाद दूसरे मोबाइल नंबर से एक नई वेबसाइट का लिंक भेजा गया। पीड़ित को कराटे ऐप डाउनलोड करने के लिए भी कहा गया और कुछ समय बाद उसे व्हाट्सएप ग्रुप से बाहर कर दिया गया।

**साइबर पोर्टल पर भी शिकायत**

सी ओ धनंजय कुमार ने बताया कि ठगी का एहसास होने के बाद पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद बन्नादेवी थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया। मामले की विवेचना निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा को सौंपी गई है।

**ठगी का पैटर्न भी सामने आया**

इस मामले में ठगों ने पहले छोटी रकम वापस कर पीड़ित का भरोसा हासिल किया। इसके बाद बड़े निवेश के लिए प्रेरित किया गया। रकम निवेश होने के बाद वेबसाइट बदल दी गई और अंततः संपर्क तोड़ दिया गया। पुलिस अब शिकायत में बताए गए मोबाइल नंबरों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और लेनदेन से जुड़े तथ्यों के आधार पर जांच कर रही है।

## Aligarh News: सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का आंकड़ा आठ फीसदी घटा




जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में हुई। जिसमें एआरटीओ ने बताया कि अगस्त में जिले में 138 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें 44 लोगों की मृत्यु हुई। अगस्त 2025 की तुलना में यह 8.33 प्रतिशत कम है। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन योगेश कुमार ने बताया कि टीकाराम इंटर कॉलेज एवं एसएमबी इंटर कॉलेज रामघाट रोड के पास स्पीड टेबल टॉप का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

प्रांतीय खंड द्वारा सड़कों पर 60 और निर्माण खंड द्वारा 28 स्थानों को चिह्नित कर सुधार करने के प्रस्ताव मुख्यालय को भेजे गए हैं। एनएचएआई अफसरों ने बताया कि गभाना-अकराबाद मार्ग के निरीक्षण के दौरान दिए गए पांच सुझावों में से तीन पर कार्य पूर्ण हो चुका है एवं शेष दो कार्य शीघ्र पूरे किए जाएंगे। डीएम ने अवैध कट बंद करने के लिए एसडीएम से समन्वय करने को कहा। रामघाट रोड सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर पार्किंग नहीं होने पर 153 व्यावसायिक भवनों के विरुद्ध वाद दायर होने की जानकारी दी गई। बताया गया कि 13 प्रतिष्ठानों के बेसमेंट को खाली कराकर पार्किंग बनवाई जा रही है, 13 चिकित्सालयों में पार्किंग की व्यवस्था कराई जा रही है। 17 चिकित्सालय संचालकों को उचित पार्किंग करने के निर्देश दिए गए हैं। इस पर एडीए को आईएमए के साथ बैठक कर स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

**1104 अभिभावकों को दिए गए नोटिस**

डीआईओएस पूरन सिंह ने बताया कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस एवं हेलमेट के विद्यालय आने वाले छात्रों के 1104 अभिभावकों को 884 विद्यालयों के माध्यम से नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 861 विद्यालयों से विद्यार्थी वाहन सुरक्षा संबंधी सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। सूचना नहीं देने वाले विद्यालयों को नोटिस जारी किए गए हैं। 229 माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों द्वारा एआरटीओ को सूचित करते हुए 816 नोटिस जारी किए गए हैं।

**182 स्कूली वाहन थानों में निरुद्ध**

एआरटीओ सतेंद्र कुमार ने बताया कि अप्रैल से अगस्त तक 290 स्कूली वाहनों के चालान काटे गए और 182 वाहनों को विभिन्न थानों में निरुद्ध किया गया। 13 ओवरलोड स्कूली वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। मिशन सेफ फ्यूचर अभियान के तहत फिटनेस खत्म होने वाले 68 वाहनों के चालान कर 22 वाहनों को निरुद्ध किया गया। 532 ओवरलोड मालवाहनों के चालान काटकर 327 वाहनों को निरुद्ध किया गया। इससे 137.67 लाख रुपये शमन शुल्क जमा हुआ।

## दिल्ली में फिर हादसा: मोती नगर में सिलिंडर धमाके से मकान में लगी आग, एक व्यक्ति की मौत






दिल्ली में शनिवार सुबह के दर्दनाक हादसा सामने आया है। मोती नगर के शाहपुरा में शनिवार तड़के एक मकान में आग लग गई। इस दौरान रसोई गैस सिलिंडर में धमाका हुआ, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई।मोती नगर इलाके में शनिवार तड़के एक मकान में आग लगने से रसोई गैस सिलिंडर में धमाका हो गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। दमकल विभाग के मुताबिक तड़के 3.25 बजे विभाग को मोती नगर के शाहपुरा स्थित एक मकान में आग लगने की जानकारी मिली। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग दो मंजिला मकान के भूतल पर लगी थी। आग के दौरान घर में रखा सिलिंडर में धमाका हो गया।जिसके चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घायल व्यक्ति को पास के अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पहचान करने में जुटी है। वहीं दमकल विभाग ने 4.30 बजे आग पर काबू पा लिया। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

**दिल्ली में LPG सिलिंडर फटने से एक की मौत, आग बुझाते समय हुआ ब्लास्ट; 2 मंजिला मकान में लगी आग**

## गणपति विसर्जन पर नया अपडेट: यमुना में नहीं होगी बप्पा की विदाई, एनजीटी ने लगा दी रोक; ये व्यवस्था हुई लागू

यमुना नदी का पानी विसर्जन के लायक भी नहीं है। गणपति बप्पा की विदाई के लिए नगर निगम ने यमुना के घाटों पर अस्थायी कुंड बनाए हैं। कुंडों में यमुना जल की जगह गंगाजल भरा जाएगा। आगरा को पालड़ा से पाइपलाइन के जरिए गंगाजल मिलता है। इन कुंडों में गंगाजल भरकर मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। हाथीघाट, कैलाश घाट, बल्केश्वर और दशहरा घाट पर विसर्जन के लिए कुंड बनाए गए हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने नदियों और तालाबों में होने वाले प्रदूषण के कारण मूर्तियों के विसर्जन पर रोक लगा रखी है। आगरा नगर निगम ने शहर में यमुना नदी के किनारे चार घाटों पर अस्थायी कुंड बनाए हैं जिनमें मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। कुंडों के चारों ओर बैरिकेडिंग की जा रही है ताकि सुरक्षित तरीके से श्रद्धालु विसर्जन कर सकें।नगर निगम के कर्मचारियों को भी घाटों पर तैनात किया गया है।



नगर निगम के कर्मचारियों को भी घाटों पर तैनात किया गया है। शुक्रवार दोपहर अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार ने सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम के साथ हाथीघाट का दौरा किया। क्षेत्रीय जेडएसओ आशुतोष वर्मा को विसर्जन के दौरान घाट पर पर्याप्त संख्या में कर्मचारी मौजूद रखने को कहा।

सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने बताया कि एनजीटी के आदेश के तहत अस्थायी कुंड बनाए गए हैं। लोगों से अपील है कि वह निर्धारित कुंडों में ही गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करें। निगम के कर्मचारी विसर्जन के दौरान तैनात रहेंगे।

## क्या है निठारी कांड?: बकरी चराने से पंढेर की कोठी तक, एक कॉल से हुआ था खुलासा; इस काम में माहिर था कोली




निठारी कांड के पीड़ितों ने कहा कि हमें न्याय नहीं मिला। एजेंसियों की जांच पर उन्होंने सवाल उठाए हैं। पीड़ितों का कहना है कि फंदे से लटकना होता तो कोली जेल में ही जान दे देता। सुरेंद्र कोली का अल्मोड़ा के गांव में गरीबी में बचपन बीता था। कोली खाना बनाने में माहिर था। उसे दिल्ली में पहली नौकरी मिली थी। आइए जानते हैं कोली कैसे बकरियां चराने से पंढेर की कोठी तक पहुंचा?नोएडा के निठारी कांड के आरोपी रहे सुरेंद्र कोली की आत्महत्या की सूचना मिलते ही शुक्रवार को सेक्टर-31 स्थित मोनिंदर सिंह पढ़ेर की कोठी डी-5 के सामने लोग इकट्ठा हो गए। मौके पर जुटे पीड़ितों ने कहा कि करीब 20 बीस साल हो गए उन्हें न्याय नहीं मिला। अपनों को गंवाने वाले झब्बूलाल और सुनीता कहते हैं कि एजेंसियों ने मामले की सही से जांच की होती तो दोनों आरोपियों को फांसी की सजा होती।पीड़ितों ने आत्महत्या की बात संदिग्ध बताते हुए कहा कि कोली को जान देनी होती तो वह जेल में ही दे देता। 19 साल बाद जेल से निकलने के बाद कोली परिवार के साथ रहने लगा था। ऐसे में वह जान क्यों देगा। उनका दावा है कि कोली केस के बारे में बड़ा खुलासा करने वाला था इसलिए उसकी हत्या कर दी गई।



निठारी कांड के पीड़ित झब्बूलाल कहते हैं कि जांच एजेंसियां सही से काम कर रहीं होतीं तो मोनिंदर और सुरेंद्र दोषमुक्त नहीं होते। वहीं निठारी कांड में लापता हुई ज्योति की मां सुनीता कहती हैं कि बेटी दुपट्टा पीको कराने गई थी। उसके बाद नहीं लौटी। सुनीता का कहना है कि मामले की जांच शुरू होने पर पुलिस ने मोनिंदर पंढेर और सुरेंद्र कोली को पकड़ लिया था। तब थाने में आरोपियों ने उनके पैर पकड़ कर कहा था कि उनसे गलती हो गई। सुनीता का कहना है कि अब तक हम लोगों को न्याय नहीं मिला।

**एक कॉल से हुआ था निठारी कांड का खुलासा**

साल 2005-06 के दौरान निठारी और आसपास के इलाके से बड़ी संख्या में बच्चे व बच्चियां गुमशुदा हो रहे थे। पुलिस के पास लगातार शिकायतें आ रही थी। उस वक्त के कप्तान ने एसओजी के प्रभारी विनोद पांडेय को मामले की जांच सौंपी थी। करीब पांच माह की जांच के बाद गुमशुदा युवती पायल के मोबाइल पर आई कॉल से मामले का खुलासा हुआ था। इसके बाद सुरेंद्र कोली को गिरफ्तार कर लिया गया। विनोद कहते हैं कि उन्होंने सबसे पहले सभी अनाथालय, रेलवे स्टेशन, होटल, ढाबे से लेकर अन्य जगहों पर पता किया। घरवालों से बातचीत में पता चला कि लगभग सभी बच्चे सेक्टर-31 स्थित डी-5 कोठी के सौ से दो सौ मीटर की परिधि में अंतिम बार दिखे थे। सभी लापता लोगों में पायल बड़ी थी

## यूपी में एक पति का मर्डर: बीवी ने पैर पकड़े, प्रेमी ने किया कत्ल, लाश के बोरे में डाल किया ये काम; पूरी कहानी

**यूपी के बरेली जिले में अवैध संबंधों की भेंट एक और पति चढ़ गया। पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मार डाला। इसके बाद शव को झाड़ियों में फेंक दिया। 10 सितंबर को पति ने पत्नी और उसके प्रेमी को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इस दौरान प्रेमी भाग गया, लेकिन पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। इस पर पत्नी ने प्रेमी के साथ पति को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। 11 सितंबर की रात पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मार डाला।**

पुलिस ने सातवें दिन सड़ा-गला शव बरामद किया है। आरोपियों ने हत्या की बात स्वीकार की है। सोते वक्त नरगिस ने पप्पू के पैर पकड़े और रियाज ने प्लास्टिक की रस्सी से उसका गला घोंट दिया। मृतक के भाई बुंदन ने नरगिस और रियाज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।सीओ संदीप सिंह ने बताया कि मूल रूप से भमोरा थाने के गांव बल्लिया निवासी पप्पू अपनी पत्नी नरगिस और तीन बेटे व तीन बेटियों के साथ फैजनगर में आकर बस गया था। पूछताछ में सामने आया कि रियाज का पप्पू के घर आना-जाना था। तीन-चार साल पहले रियाज और पप्पू की पत्नी नरगिस के बीच प्रेम संबंध हो गए।

नरगिस और रियाज से अलग-अलग पूछताछ में खुला हत्या का राज

बरेली में पप्पू की हत्या और शव ठिकाने लगाने के बाद नरगिस और रियाज ने गांव के लोगों के साथ पुलिस को भी गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन दोनों कामयाब नहीं हुए। शक होने पर पुलिस ने दोनों से सख्ती के साथ अलग-अलग पूछताछ की तो पप्पू की हत्या का राज खुल गया।नरगिस इससे पहले भी अपने प्रेमी रियाज के साथ मिलकर पप्पू की हत्या की योजना बना चुकी थी,




उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में एक और पति की हत्या का मामला सामने आया है। बरेली के भुता थाना इलाके के गांव फैजनगर में नरगिस नाम की महिला ने अपने प्रेमी रियाज उर्फ राजा के साथ मिलकर पति पप्पू की गला घोंटकर हत्या कर दी और शव बोरे में बंद कर मिर्जापुर भट्ठे के पास झाड़ियों में फेंक दिया। 10 सितंबर को पप्पू ने नरगिस और राजा को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इस दौरान रियाज तो वहां से भाग गया, लेकिन पप्पू ने नरगिस की पिटाई कर दी। इसके बाद नरगिस ने रियाज के साथ मिलकर पप्पू को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। नरगिस ने पति के पैर पकड़े, रियाज ने रस्सी से घोंटा गला

11 सितंबर की रात नरगिस ने रियाज को बुलाया। पप्पू सो रहा था। नरगिस ने पप्पू के पैर पकड़ लिए और रियाज ने प्लास्टिक की रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव बोरे में बंद कर मिर्जापुर भट्ठे के पास ले गया और झाड़ियों में फेंक दिया। 15 सितंबर को नरगिस और रियाज ने थाने पहुंच कर गुमशुदगी दर्ज कराई, लेकिन इसके बाद नरगिस और रियाज के बीच विवाद होने पर जब नरगिस ने रियाज के खिलाफ हत्या की तहरीर दी तो पुलिस को शक हुआ।



नरगिस और रियाज ने 11 सितंबर की रात ही पप्पू की हत्या करने के बाद शव ठिकाने लगा दिया। अगले दो-तीन दिन बाद गांव में पप्पू के न दिखने की चर्चा होने लगी तो नरगिस लोगों से बहाने बनाकर पप्पू के काम से बाहर जाने की बात कहने लगी। गांव के लोगों और पड़ोसियों को भी शक होने लगा तो वे बार-बार नरगिस से पप्पू के बारे में पूछने लगे।

## दिल्ली में सनसनीखेज वारदात: आंख जांच के बहाने महिला से दुष्कर्म, आरोपित विकास पकड़ा गया

दिल्ली के केशव पुरम थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के एक मामले में 32 वर्षीय विकास को गिरफ्तार किया गया है। यह मामला 43 वर्षीय महिला की शिकायत पर दर्ज किया गया था। केशव पुरम पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में 32 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विकास के रूप में हुई है, जो त्रि नगर, दिल्ली का निवासी है। यह गिरफ्तारी 43 वर्षीय महिला की शिकायत पर दर्ज मामले के संबंध में की गई है।पुलिस के अनुसार, महिला ने अपनी शिकायत में गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के मुताबिक, आरोपी विकास महिला को आंखों की जांच के बहाने अपने घर ले गया था। वहां उसने कथित तौर पर महिला को बेहोश कर दिया। इसके बाद आरोपी ने महिला का यौन उत्पीड़न किया। केशव पुरम पुलिस स्टेशन में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में आगे की जांच अभी जारी है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे धोखे से अपने घर बुलाया था। आंखों की जांच का बहाना बनाकर उसे अपने निवास पर ले जाया गया। वहां पहुंचने पर आरोपी ने उसे किसी तरह बेहोश कर दिया। बेहोशी की हालत में ही उसके साथ दुष्कर्म किया गया। महिला ने हिम्मत जुटाकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।




शिकायत मिलने के बाद केशव पुरम पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज की। विभिन्न धाराओं के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी विकास को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।



# ममता की टीएमसी ने चुनाव आयोग को भेजे नए नाम-चिह्न: फैसले पर जताया विरोध; 28 साल बाद बदलेगा पार्टी का निशान?




ममता बनर्जी की टीएमसी ने चुनाव आयोग के आदेश के बाद नए नाम और चुनाव चिह्न के विकल्प भेज दिए हैं। पार्टी ने यह कदम फैसले पर कड़ा विरोध जताते हुए उठाया है। अब सवाल है कि 28 साल से टीएमसी की पहचान बने 'फूल और घास' की जगह उपचुनाव में कौन-सा चुनाव चिह्न मिलेगा?

ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने निर्वाचन आयोग के अंतरिम आदेश पर अपना जवाब भेज दिया है। ममता बनर्जी पार्टी की संस्थापक और अध्यक्ष हैं।

निर्वाचन आयोग ने छह अक्तूबर को होने वाले पश्चिम बंगाल के उपचुनावों के लिए अस्थायी तौर पर अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) नाम और उसके 'फूल और घास' चुनाव चिह्न को हटा दिया था।

पार्टी ने गुरुवार रात 11:36 बजे निर्वाचन आयोग को ईमेल किया। इसमें आगामी चुनाव के लिए नए नाम और चुनाव चिह्न के विकल्प भेजे गए। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी ने यह जवाब 'कड़े विरोध के साथ' दिया।

**निर्वाचन आयोग ने क्या कहा था?**

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार रात अंतरिम आदेश जारी किया था। इसमें एआईटीसी को लेकर चल रहे विवाद में दोनों पक्षों को पार्टी का नाम और 'फूल और घास' चुनाव चिह्न इस्तेमाल करने से रोक दिया गया था। दोनों पक्षों से शुक्रवार सुबह तक अपने पसंदीदा नाम और चुनाव चिह्न बताने को कहा गया था।




आयोग ने कहा था कि प्रस्तावित नाम अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस से मिलता-जुलता हो सकता है। चुनाव चिह्न आयोग की ओर से स्वतंत्र उम्मीदवारों और पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लिए जारी उपलब्ध चिह्नों की सूची में से लेना होगा। पश्चिम बंगाल की रेजीनगर और नंदीग्राम सीटों पर उपचुनाव छह अक्तूबर को होने हैं। आयोग ने कहा कि उसके पास चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968 के पैराग्राफ 15 के तहत प्रक्रिया पूरी करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है। हालांकि, आगामी उपचुनावों को देखते हुए पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न को लेकर तुरंत व्यवस्था करना जरूरी था। आयोग ने कहा कि यह अंतरिम व्यवस्था खास तौर पर आगामी उपचुनावों के लिए की गई है। यह तब तक लागू रहेगी, जब तक पैराग्राफ 15 के तहत विवाद पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता।

**टीएमसी में कहां से शुरू हुआ विवाद?**

आयोग का आदेश मई में विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस के विधायक दल में शुरू हुई बगावत की पृष्ठभूमि में आया है। बाद में यह बगावत संसद तक पहुंच गई।

- जून में 58 बागी विधायकों ने निष्कासित नेता ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष चुन लिया। ममता खेमे ने सोवनदेव चट्टोपाध्याय को अपना उम्मीदवार बनाया था। विधानसभा अध्यक्ष ने ऋतब्रत को मान्यता भी दे दी। यह पार्टी के 28 साल के इतिहास में पहली बार हुआ, जब पार्टी दो हिस्सों में बंटी।
- 

पांच दिन बाद बगावत संसद तक पहुंच गई। वरिष्ठ नेता काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में लोकसभा के 20 सांसद एक कम चर्चित दल एनसीपीआई के साथ चले गए। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा। इसमें भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए को 'अलग गुट' के तौर पर समर्थन देने की बात कही गई। इससे पार्टी के संसदीय दल में दरार और गहरी हो गई।

यह कदम ममता बनर्जी के लिए झटका माना जा रहा है। पार्टी के गठन के बाद से ही उनका हाथ से बनाया हुआ चुनाव चिह्न टीएमसी की राजनीतिक यात्रा का अहम हिस्सा रहा है। कांग्रेस से अलग होकर 1998 में तृणमूल कांग्रेस की स्थापना की गई थी। इसके बाद 'फूल और घास' का चुनाव चिह्न पिछले 28 वर्षों से पार्टी की जमीनी पहचान का एक मजबूत प्रतीक रहा है।

# अमेरिका ने रोका फलस्तीनी राष्ट्रपति का वीजा: यूएनजीए में भारत समेत 152 देशों का मिला समर्थन; आगे क्या होगा?




अमेरिका ने फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास को न्यूयॉर्क आने के लिए वीजा नहीं दिया। इसके बाद यूएनजीए में उनके वीडियो लिंक से भाषण का रास्ता खुल गया। वीडियो लिंक के जरिये भाषण की अनुमति वाले प्रस्ताव के समर्थन और विरोध में किन देशों ने वोट दिया, भारत ने किसका साथ दिया। पढ़िए इस रिपोर्ट में। भारत ने महासभा के एक प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया। इसमें फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास को अगले हफ्ते होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में वीडियो लिंक के जरिये भाषण देने की अनुमति दी गई है। अमेरिका ने अब्बास को न्यूयॉर्क आने के लिए वीजा देने से इनकार कर दिया था। यह प्रस्ताव बुधवार को भारी बहुमत से पारित हुआ। इसके पक्ष में 152 वोट पड़े। सिर्फ अमेरिका, इस्राइल और पराग्वे ने इसके खिलाफ वोट किया। चार देशों ने औपचारिक रूप से मतदान से दूरी बनाई।

**ईरानी राष्ट्रपति को अमेरिका ने वीजा दिया?**

हालांकि, वाशिंगटन ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और विदेश मंत्री अब्बास अराघची को उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होने के लिए वीजा दिया है। यह तब हुआ है, जब अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध अब सातवें महीने में पहुंच चुका है। यह दूसरी बार होगा, जब अब्बास महासभा में वीडियो लिंक के जरिये भाषण देंगे। पिछले साल भी वीजा नहीं मिलने के बाद उन्होंने वीडियो लिंक के जरिये भाषण दिया था।

**फलस्तीन पर क्या तर्क दिया?**

अमेरिका की उप स्थायी प्रतिनिधि टैमी ब्रूस ने अब्बास को वीडियो के जरिये भाषण देने की अनुमति देने से इनकार करने का बचाव किया। उन्होंने फलस्तीन पर आतंकवाद गतिविधियों को छोड़ने से इनकार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हम इस बात पर जोर देना बंद नहीं करेंगे कि फलस्तीनी प्राधिकरण और पीएलओ (फलस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन जो प्राधिकरण को नियंत्रित करता है) पूरी तरह और बिना किसी शर्त के आतंकवाद को छोड़ें। उन्होंने अभी तक ऐसा नहीं किया है।

**फलस्तीन के स्थायी पर्यवेक्षक ने क्या कहा?**

फलस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है। संयुक्त राष्ट्र में उसे पर्यवेक्षक का दर्जा मिला हुआ है। फलस्तीन के स्थायी पर्यवेक्षक रियाद मंसूर ने इस्राइल के साथ फलस्तीन के अस्तित्व के अधिकार को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि दोनों को 'शांति और सुरक्षा में' साथ रहना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें वीजा देने से इनकार किए जाने का मतलब यह नहीं है कि संयुक्त राष्ट्र में मौजूद सबसे बड़ा मुद्दा (फलस्तीनी लोग और उनका नेतृत्व) यहां मौजूद नहीं हैं। उन्होंने कहा, वे यहां पूरी तरह मौजूद हैं। उन्होंने आगे कहा, और वे तब तक यहां रहेंगे, जब तक हम इस अवैध कब्जे (इस्राइल द्वारा फलस्तीनी क्षेत्र पर कब्जे) को खत्म नहीं कर देते और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की वैश्विक सहमति से द्वि-राष्ट्र समाधान लागू नहीं हो जाता। इसमें 1967 की सीमाओं पर पूर्वी यरुशलम के साथ एक स्वतंत्र और संप्रभु फलस्तीन देश और उसके बगल में इस्राइल देश हो। दोनों शांति और सुरक्षा में रहें।

**चीन और रूस ने किसकी आलोचना की?**

चीन और रूस ने भी अब्बास को वीजा नहीं देने को लेकर अमेरिका की आलोचना की। दोनों देशों ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की मेजबानी करने वाले देश के तौर पर अमेरिका की यह जिम्मेदारी है।

सभी पश्चिमी देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। पिछले महीने जब ऐसी खबरें सामने आई थीं कि अब्बास को वीजा नहीं मिलेगा, तब संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने अमेरिका से उन्हें उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होने देने की अपील की थी। उन्होंने कहा, हमारी अपील और हमारी उम्मीद अभी भी यही है कि मेजबान देश संधि समझौते के तहत अपनी जिम्मेदारियां पूरी करेगा। इसका उद्देश्य उन लोगों के न्यूयॉर्क शहर और अमेरिका आने की यात्रा को आसान बनाना है, जिनका संयुक्त राष्ट्र के सामने काम है। इनमें राजनयिक और सरकारी अधिकारी शामिल हैं।

# होर्मुज में ईरान का बड़ा एक्शन: टोगो के तेल टैंकर को बनाया निशाना, इलाके में बढ़ा तनाव

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने होर्मुज जलडमरूमध्य में टोगो के झंडे वाले तेल टैंकर 'ट्रेंड' पर हमला कर उसे हिरासत में लिया। ईरान ने आरोप लगाया कि टैंकर अवैध तरीके से जलडमरूमध्य पार करने की कोशिश कर रहा था। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य में टोगो के झंडे के नीचे चल रहे एक तेल टैंकर पर हमला किया। इसके बाद इलाके में तनाव बढ़ गया है। यह जानकारी ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार है।

**ईरान तेल टैंकर पर क्यों हमला कर रहा?**

अमेरिका और इस्राइल की ओर से फरवरी के अंत में ईरान पर हमला करने के बाद से तेहरान ने जलडमरूमध्य की प्रभावी नाकाबंदी कर रखी है। दरअसल, इस्लामी गणराज्य आवागमन के लिए शुल्क लगाना चाहता है और उन जहाजों पर हमला करता है, जिन पर वह अपने पसंदीदा मार्ग को दरकिनार करने का प्रयास करने का आरोप लगाता है।

**ईरान ने हमले पर क्या कहा?**

बयान में कहा गया है, 'टोगो के झंडे वाले तेल टैंकर 'ट्रेंड' को उस समय निशाना बनाया गया और हिरासत में लिया गया जब उसमें आग लग गई।' यह बयान महत्वपूर्ण जलमार्ग से अवैध रूप से गुजरने के प्रयास का जिक्र करते हुए दिया गया था। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (UKMTO) ने गुरुवार को ओमान के खासब से 16 समुद्री मील (29.6 किमी) उत्तर-पूर्व में होर्मुज जलडमरूमध्य में एक सुरक्षा घटना की घोषणा की।यूकेएमटीओ ने शामिल पोत के बारे में कोई जानकारी नहीं दिया। इसके साथ ही यह स्पष्ट नहीं है कि क्या यह वही पोत है जिसका जिक्र रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने किया था।

**होर्मुज जलडमरूमध्य क्यों है खास?**

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है क्योंकि यह फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी को जोड़ता है। दुनिया के तेल परिवहन का एक बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। यह लगभग 30 मील चौड़ा है और ईरान और ओमान के बीच स्थित है। इस मार्ग से होकर हर दिन दर्जनों टैंकर गुजरते हैं, जिनका संचालन एक सुव्यवस्थित ट्रैफिक सेपरेशन स्कीम (TSS) के जरिए किया जाता है।



## ट्रंप टैरिफ के बीच भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत: मूडीज ने जीडीपी अनुमान 6% से बढ़ाकर 7% किया, महंगाई का खतरा




मूडीज ने कहा कि कैलेंडर वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि सालाना आधार पर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई, जो समूचे कैलेंडर वर्ष 2025 की 7.3 प्रतिशत वृद्धि से अधिक है। इसमें निजी खपत में मजबूती, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर लगातार खर्च से सकल स्थिर पूंजी निर्माण में मजबूत वृद्धि और निजी क्षेत्र के निवेश में संभावित सुधार के साथ सेवा क्षेत्र की लगातार मजबूती का योगदान रहा। भारत की 'बीएए3' रेटिंग की समीक्षा के बाद मूडीज अनुमान है कि भारत पर कर्ज का बोझ लगातार अधिक बना हुआ है। ब्याज लागत भी ऊंचे स्तर पर है, जो बड़ा जोखिम है।

**4.8 फीसदी से ऊपर जा सकती है महंगाई**

रेटिंग एजेंसी ने कहा, भविष्य में यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष का स्थायी समाधान नहीं होता है तो ऊर्जा की ऊंची कीमतें चालू वित्त वर्ष में सालाना औसत महंगाई को 4.8 प्रतिशत के अनुमान से ऊपर ले जा सकती हैं। यह वित्त वर्ष 2025-26 में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले काफी अधिक है। 12% तक की सांकेतिक वृद्धि हासिल करेगा भारत: जेफरीज

पूंजी बाजार फर्म जेफरीज के अनुसार, मजबूत घरेलू मांग, बैंक क्रेडिट में तेजी और आर्थिक गतिविधियों में सुधार के दम पर भारत चालू वित्त वर्ष में 11 से 12 फीसदी की सांकेतिक जीडीपी वृद्धि दर्ज करने की राह पर है।

मूडीज रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6% से बढ़ाकर 7% कर दिया है। रेटिंग एजेंसी के मुताबिक निजी खपत, सरकारी बुनियादी ढांचा खर्च और सेवा क्षेत्र की मजबूती से अर्थव्यवस्था को सहारा मिला है। हालांकि पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबा खिंचने पर तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं और महंगाई 4.8% के अनुमान से ऊपर जा सकती है। जेफरीज ने 11-12% सांकेतिक वृद्धि का अनुमान जताया है।पश्चिम एशिया के गहराते संघर्ष और अमेरिकी टैरिफ के आसन्न संकट के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती दिखाई है। मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत के जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6% से बढ़ाकर 7% कर दिया है। हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने चेतावनी दी है कि तेल की ऊंची कीमतों और अल नीनो के प्रभाव से महंगाई का जोखिम अभी भी बना हुआ है।इसका मतलब है कि बड़े आर्थिक आधार मजबूत बने हुए हैं।

## अब सबसे बड़ा सौदा: अमेरिका-सऊदी के बीच दो लाख करोड़ की डील, एफ-35 लड़ाकू विमान समेत और क्या बेचने की तैयारी?




अमेरिका के हाथ खींचने पर हूती लड़ाकों ने सऊदी अरब पर हमले बढ़ा दिए। अब अमेरिका और सऊदी के बीच सबसे बड़ा सौदा हो रहा है। दो लाख करोड़ की इस डील के तहत अमेरिका सऊदी अरब को एफ-35 लड़ाकू विमान समेत कई उपकरण बेचेगा।हूतियों के बढ़ते हमलों के बीच अमेरिका ने सऊदी अरब को 48 एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने का रास्ता साफ कर दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने 24.3 अरब डॉलर (लगभग 2 लाख करोड़ रुपये) की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब रियाद हूतियों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए वॉशिंगटन से सैन्य मदद मांग रहा था।अमेरिका ने हालांकि, सऊदी अरब के आग्रह के बावजूद हूतियों के खिलाफ सीधे सैन्य कार्रवाई से इन्कार किया। इसके बजाय वॉशिंगटन ने रियाद को खुफिया जानकारी और टारगेटिंग सहायता देने की बात कही। इसी बीच हूतियों ने सऊदी शहरों और ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर दबाव बढ़ाया। ऐसे माहौल में सऊदी अरब की अपनी हवाई रक्षा क्षमता मजबूत करने की जरूरत और बढ़ी। इसी क्रम में एफ-35 सौदा सामने आया है। ईरान ने दावा किया है कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की कोशिश कर रहे टोगो के झंडे वाले एक तेल टैंकर को निशाना बनाया है।

**अमेरिका से क्या-क्या खरीदेगा सऊदी अरब**

अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक प्रस्तावित पैकेज में 48 एफ-35 विमान, 49 प्रैट एंड व्हिटनी एफ135 इंजन, सुरक्षित संचार और नेविगेशन उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध सहायता, स्पेयर पार्ट्स, प्रशिक्षण, सिम्युलेटर, सॉफ्टवेयर और लॉजिस्टिक सपोर्ट शामिल हैं।संकट सऊदी का, फायदा अमेरिकी रक्षा उद्योग का? घटनाक्रम को एक साथ देखें तो हूतियों के खिलाफ प्रत्यक्ष सैन्य हस्तक्षेप से पीछे हटने के बाद अमेरिका ने सऊदी को अपनी रक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक अमेरिकी हथियारों का विकल्प दिया है। 24.3 अरब डॉलर का सौदा वॉशिंगटन की रणनीति से मेल खाता है।




## ड्रोन हमले से सऊदी की पाइपलाइन ठप: यूरोप को अक्तूबर में नहीं मिलेगा अरामको का कच्चा तेल; क्या है वजह?




**पाइपलाइन पर हमले का क्या असर हुआ?**

यह फैसला सऊदी अरब की अहम ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन पर ड्रोन हमले के बाद आया है। हमले के कारण पाइपलाइन को बंद करना पड़ा और तीन पंपिंग स्टेशन क्षतिग्रस्त हुए। इसके चलते लाल सागर के तट पर स्थित यानबू बंदरगाह से तेल की लोडिंग भी प्रभावित हुई। सऊदी अरब ने पहले ही यूरोपीय ग्राहकों को कुछ कच्चे तेल की खेप रद्द होने की जानकारी दी थी।

**यूरोपीय रिफाइनर अब क्या कर रहे हैं?**

तेल की आपूर्ति में आई इस रुकावट के बाद यूरोपीय रिफाइनरों ने दूसरे स्रोतों से कच्चा तेल जुटाना शुरू कर दिया है। पोलैंड की रिफाइनिंग कंपनी ओर्लेन भी वैकल्पिक आपूर्ति की तलाश में है। कारोबारियों के मुताबिक, कंपनी ने सऊदी तेल की जगह उत्तरी सागर का कच्चा तेल खरीदा है। इससे पता चलता है कि पाइपलाइन में आए व्यवधान का असर यूरोपीय रिफाइनरों की खरीद पर भी पड़ रहा है।

**अरामको पाइपलाइन को कब तक शुरू करेगी?**

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, अरामको कुछ ही दिनों में पाइपलाइन को आंशिक रूप से फिर शुरू करने और करीब छह सप्ताह में इसे पूरी क्षमता पर वापस लाने की कोशिश कर रही है। हालांकि, अमर उजाला इस जानकारी की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करती है।लाल सागर के रास्ते तेल की आपूर्ति में आई कमी को पूरा करने के लिए अरामको ने खाड़ी के रास्ते कच्चे तेल का निर्यात बढ़ाया है। कंपनी ओमान के सोहर बंदरगाह के पास समुद्र में एक जहाज से दूसरे जहाज में तेल स्थानांतरित कर रही है। इसका मकसद लाल सागर से कम हुई तेल की मात्रा की कुछ हद तक भरपाई करना है।

सऊदी अरामको ने कम से कम दो यूरोपीय रिफाइनिंग ग्राहकों को अक्तूबर में कच्चे तेल की डिलीवरी नहीं देने की जानकारी दी है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, यह फैसला ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन पर ड्रोन हमले के बाद लिया गया, जिसमें तीन पंपिंग स्टेशन क्षतिग्रस्त हुए। पोलैंड की ओर्लेन ने वैकल्पिक रूप से उत्तरी सागर का तेल खरीदा है। अरामको पाइपलाइन को कुछ दिनों में आंशिक और करीब छह सप्ताह में पूरी क्षमता पर लाने की कोशिश कर रही है।सऊदी अरब की तेल कंपनी अरामको ने कम से कम दो यूरोपीय रिफाइनिंग ग्राहकों को बताया है कि उन्हें अगले महीने यानी अक्तूबर में कच्चे तेल की डिलीवरी नहीं मिलेगी। समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग ने मामले से परिचित लोगों के हवाले से यह जानकारी दी है। यूरोपीय रिफाइनर आम तौर पर अरामको से दीर्घकालिक अनुबंध के तहत हर महीने सऊदी कच्चा तेल खरीदते हैं, लेकिन इस बार अक्तूबर की डिलीवरी रोक दी गई है।

**हमला किसने किया?**

सऊदी अरब की ईस्ट-वेस्ट तेल पाइपलाइन पर हुए ड्रोन हमले को लेकर अब तक सबसे अहम जानकारी यह है कि ड्रोन इराक की जमीन से लॉन्च किए गए थे। सऊदी विदेश मंत्रालय ने बताया था कि कई ड्रोन ने रियाद और मदीना क्षेत्र में स्थित पाइपलाइन को निशाना बनाया। हमले के बाद पाइपलाइन को एहतियात के तौर पर बंद करना पड़ा और कई लोग घायल हुए। हालांकि, किस संगठन ने ये ड्रोन भेजे, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है

## टाटा संस और आरबीआई के बीच क्या है विवाद?: हिस्सेदारी बेचने की शर्त पर वकील ने उठाया सवाल, जानें पूरा मामला

टाटा संस की नियामकीय स्थिति और संभावित लिस्टिंग को लेकर एमएंडए वकील नितिन पोतदार ने आरबीआई की शक्ति पर सवाल उठाया है। उनका कहना है कि आरबीआई किसी शेयरधारक को हिस्सेदारी बेचने के लिए मजबूर नहीं कर सकता और पारदर्शिता के लिए अतिरिक्त खुलासे कराए जा सकते हैं। वहीं, हरीश साल्वे ने अप्रत्यक्ष कर्ज और आरबीआई के रुख का अलग पक्ष बताया है। आखिर टाटा संस का मामला कहां अटका है? आइए, सबकुछ विस्तार से जानते हैं...टाटा संस की नियामकीय स्थिति, मालिकाना ढांचे और संभावित शेयर बाजार में लिस्टिंग को लेकर विवाद बढ़ता दिख रहा है। मर्जर और अधिग्रहण यानी एमएंडए मामलों के वकील नितिन पोतदार ने भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई के उस अधिकार पर सवाल उठाया है, जिसके तहत टाटा संस को अपनी हिस्सेदारी बेचने या मालिकाना ढांचे में बदलाव करने की जरूरत बताई जा रही है। पोतदार का कहना है कि अगर आरबीआई की चिंता कंपनी में पारदर्शिता को लेकर है तो इसके लिए सख्त डिस्क्लोजर यानी जानकारी सार्वजनिक करने की शर्तें लगाई जा सकती हैं।भले ही टाटा संस ने अपना कर्ज चुका दिया हो, लेकिन जिन कंपनियों में उसकी बहुमत हिस्सेदारी है,




**टाटा संस ने आरबीआई से क्या मांग की थी और मामला कहां अटका?**

नितिन पोतदार के मुताबिक, टाटा संस ने आरबीआई से कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी यानी सीआईसी के तौर पर अपना रजिस्ट्रेशन खत्म करने के लिए आवेदन किया था। इससे पहले कंपनी ने अपने कर्जदाताओं को 20,000 करोड़ रुपये चुकाए थे। पोतदार के अनुसार, इस आवेदन पर करीब 28 महीने तक प्रक्रिया चली और इस दौरान आरबीआई के नियम तीन बार बदल गए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब टाटा संस ने अपना कर्ज चुका दिया था, तब भी आरबीआई की ओर से लगातार नियामकीय शर्तों पर जोर क्यों दिया जा रहा है।

**आरबीआई के पास हिस्सेदारी बेचने के लिए मजबूर करने की शक्ति है या नहीं?**

पोतदार ने कहा कि कंपनी कानून और मौजूदा नियामकीय व्यवस्था के तहत किसी कंपनी के शेयरधारक या प्रमोटर को अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए मजबूर करने की शक्ति का प्रावधान दिखाई नहीं देता। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड यानी सेबी के पास भी ऐसी शक्ति नहीं है। पोतदार ने सवाल किया कि आरबीआई को यह अधिकार कहां से मिलता है। उनके अनुसार, अगर आरबीआई का मकसद टाटा संस में ज्यादा पारदर्शिता सुनिश्चित करना है तो टाटा ट्रस्ट्स को नियंत्रित करने वाले कानूनों के तहत अतिरिक्त जानकारी सार्वजनिक करने की शर्तें लागू की जा सकती हैं।वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने इस मामले की अलग तस्वीर पेश की। उनके अनुसार, टाटा संस को 2019 से कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी के तौर पर देखा गया है और आरबीआई ने कंपनी के कर्ज चुकाने के बावजूद उसे अनरजिस्टर्ड सीआईसी मानने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया।साल्वे के मुताबिक, आरबीआई का कहना है

## द बोनस मार्केट अपडेट: बाजार में हरियाली; सेंसेक्स 200 अंक उछला, निफ्टी 23,300 के पार

भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को तेजी देखी गई। सेंसेक्स 200 से अधिक अंक उछला और निफ्टी 23,300 के पार पहुंचा। कच्चे तेल की कम कीमतों और सस्ते में खरीदारी ने बाजार को सहारा दिया। इंडिगो और इटर्नल ने बढ़त का नेतृत्व किया।भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख रहा। सुबह 9:23 बजे तक निफ्टी 50 में 0.20 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जो 23,315.80 पर पहुंच गया। वहीं, बीएसई सेंसेक्स 0.22 फीसदी बढ़कर 74,474.19 पर कारोबार कर रहा था।बाजार में यह बढ़त कच्चे तेल की कम कीमतों के कारण देखी गई। हालिया नुकसान के बाद निवेशकों ने सस्ते में खरीदारी की। हालांकि, मध्य पूर्व में जारी तनाव ने बाजार की तेजी पर कुछ अंकुश लगाया। घरेलू आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) की मजबूत मांग भी बढ़त को सीमित कर रही थी। कुल 16 प्रमुख क्षेत्रों में से 15 ने बढ़त दर्ज की। व्यापक स्मॉल-कैप और मिड-कैप सूचकांकों में प्रत्येक में 0.2 फीसदी की वृद्धि हुई। इंडिगो और इटर्नल जैसे शेयरों ने बाजार की बढ़त का नेतृत्व किया। दूसरी ओर, टाटा समूह के अधिकांश शेयरों में गिरावट देखी गई।




**बाजार में तेजी के मुख्य कारण क्या रहे?**

बाजार में उछाल का एक प्रमुख कारण कच्चे तेल की कीमतों में कमी थी। निवेशकों ने हाल की गिरावट के बाद सस्ते में खरीदारी का अवसर देखा। हालांकि, मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव ने बाजार की तेजी को कुछ हद तक धीमा किया। घरेलू आईपीओ की मजबूत मांग भी बाजार की बढ़त को पूरी तरह से खुलने नहीं दे रही थी। वैश्विक बाजार में मिलाजुला रुख देखने को मिला। जापान का टॉपिक्स 0.4 फीसदी और ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.1 फीसदी गिरा। यूरो स्टॉक्स 50 वायदा में भी 0.4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, हांगकांग का हैंग सेंग 0.7 फीसदी और शंघाई कंपोजिट 1 फीसदी बढ़ा। टाटा समूह के टीसीएस, टाटा मोटर्स पीवी, टाटा इन्वेस्टमेंट और टाटा केमिकल्स के शेयरों में 2.5 फीसदी से 7 फीसदी तक की गिरावट आई।

## Gold Silver Price: दिल्ली में सोना 1000 रुपये टूटा, पांच सप्ताह के निचले स्तर पर भाव; जानिए चांदी की कीमतें




गांधी ने आगे कहा कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने और ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि से यह गिरावट आई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया है। इससे फेडरल रिजर्व की इस सप्ताह की नीति बैठक में ब्याज दर में वृद्धि की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड की कमोडिटीज और करेंसी की रिसर्च एनालिस्ट वेदिका नार्वेकर के अनुसार, घरेलू बाजार में सोना पांच सप्ताह के निचले स्तर पर है। इस महीने सोने के दाम 3 फीसदी से अधिक गिर चुके हैं।गांधी ने आगे कहा कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने और ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि से यह गिरावट आई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया है। इससे फेडरल रिजर्व की इस सप्ताह की नीति बैठक में ब्याज दर में वृद्धि की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड की कमोडिटीज और करेंसी की रिसर्च एनालिस्ट वेदिका नार्वेकर के अनुसार, घरेलू बाजार में सोना पांच सप्ताह के निचले स्तर पर है। इस महीने सोने के दाम 3 फीसदी से अधिक गिर चुके हैं।बाजार के भागीदार अब फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में वृद्धि की 92 फीसदी संभावना मान रहे हैं। यह जुलाई 2023 के बाद पहली ब्याज दर वृद्धि होगी।

दिल्ली में सोने की कीमतों में 1,000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई, जो पांच सप्ताह का निचला स्तर है। मजबूत अमेरिकी डॉलर, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में वृद्धि की आशंका ने सोने पर दबाव बढ़ाया। चांदी के दाम स्थिर रहे।दिल्ली में मंगलवार को सोने की कीमतों में 1,000 रुपये की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट वैश्विक कमजोर रुझानों और मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण हुई। इसके साथ ही सोना पांच सप्ताह के निचले स्तर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले 7 अगस्त को भी सोने के दाम इसी स्तर पर थे।स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमतें लगातार दूसरे दिन 2,34,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने बताया कि वैश्विक संकेतों की कमजोरी के कारण मंगलवार को सोने में गिरावट आई। स्पॉट गोल्ड 4,300 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से नीचे फिसल गया। यह एक महीने के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा था। साथ सोने पर दबाव बने रहने की उम्मीद है। विदेशी बाजारों में स्पॉट गोल्ड 22.28 अमेरिकी डॉलर यानी 0.52 फीसदी गिरकर 4,276.52 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

# सा रे गा मा पा: शो का होस्ट बनने पर क्या बोले श्रेयस तलपड़े?

## शंकर महादेवन और कुमार सानू का करेंगे सहयोग



Shreyas Talpade: अभिनेता श्रेयस तलपड़े जल्द ही एक नया शो होस्ट करने वाले हैं। आइए जानते हैं उन्होंने इस शो का होस्ट बनने पर क्या कहा है? अभिनेता श्रेयस तलपड़े 'सा रे गा मा पा' के नए सीजन को होस्ट करने के लिए तैयार हैं। मुंबई में हुए लॉन्च इवेंट में, श्रेयस ने इस मशहूर म्यूजिक रियलिटी शो का हिस्सा बनने और भारतीय संगीत की बड़ी हस्तियों के साथ स्टेज शेयर करने के मौके के बारे में बात की। स मौके को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए श्रेयस ने कहा, 'मैं 'सा रे गा मा पा' का हिस्सा बनने और इस सीजन को होस्ट करने का शानदार मौका मिलने के लिए बहुत आभारी महसूस कर रहा हूं। शंकर महादेवन, जावेद अली, नीति मोहन और कुमार सानू जैसे दिग्गजों के साथ काम करना मेरे लिए बहुत बड़े सम्मान की बात है।' शो के बड़े पैमाने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'यह पहली बार है जब इतने बड़े पैमाने पर कोई शो बनाया गया है और आने वाले हफ्तों में आप जो टैलेंट देखेंगे, वह जबरदस्त होगा। मुझे ऐसे बड़े म्यूजिकल शो का हिस्सा बनकर सच में बहुत गर्व महसूस हो रहा है, जो पूरी तरह से असली है।' शंकर महादेवन, कुमार सानू, नीति मोहन और जावेद अली शो का हिस्सा होंगे। 'सा रे गा मा पा 2026' का प्रीमियर 19 सितंबर को रात 9:30 बजे जी टीवी और हिंदी जी5 पर होगा। नए सीजन में 'हिंदुस्तान का संगीतस्थान' पेश किया जा रहा है, जो भारतीय संगीत को समर्पित है। 360-डिग्री स्टेज, 100 से ज्यादा म्यूजिशियन और एक बड़े कोरस ग्रुप के साथ, यह शो देश भर की संगीत परंपराओं का जश्न मनाते हुए कॉन्सर्ट जैसा अनुभव देने का वादा करता है।

# कटरीना कैफ: अभिनेत्री के बचाव में आईं खुशबू सुंदर

## इस बात के लिए किया प्रेरित पुरुषों से पूछ लिए ये सवाल



Katrina Kaif: हाल ही में कटरीना कैफ को बढ़े हुए वजन के लिए ट्रोल किया गया। अब अभिनेत्री और पॉलिटिशियन खुशबू सुंदर ने उनका बचाव किया है। उन्होंने उन्हें एक सलाह भी दी है। हाल ही में कटरीना कैफ के लिए एक आम सी आउटिंग बहुत खास बन गई। प्रेग्नेंसी के बाद उनके शरीर में आए बदलावों को लेकर कई यूजर्स ने उन्हें ट्रोल किया। हालांकि अभिनेत्री ने इस पर कुछ नहीं कहा लेकिन उनके फैंस और सेलेब्स उनके बचाव में आगे आए हैं। अभिनेत्री और पॉलिटिशियन खुशबू सुंदर ने भी उनका बचाव किया है। अपने इंस्टाग्राम और एक्स पर पोस्ट किए गए एक लंबे नोट में खुशबू ने सवाल किया कि एक महिला के शरीर को हमेशा पब्लिक अनाउंसमेंट की तरह क्यों माना जाता है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि एक खास उम्र पार करने वाली महिलाओं को उनके बेहतरीन दौर से क्यों आंका जाता है। उन्होंने पूछा कि मगर पुरुषों के मामले में यह जुनून कहां होता है? खुशबू ने लिखा, 'जब कोई पुरुष गंजा होता है, तो उसे खास माना जाता है। जब किसी पुरुष की कमर 40 इंच की हो जाती है, तो कोई नहीं पूछता कि उसके 'प्राइम' का क्या हुआ। जब किसी पुरुष के बाल ग्रे या पूरी तरह सफेद हो जाते हैं, तो अचानक वह 'सॉल्ट-एंड-पेपर हैंडसम', 'मैच्योर' और 'करिश्माई' हो जाता है। जब कोई पुरुष उम्रदराज होता है, तो उसे अनुभव के साथ और अधिक आकर्षक बनने की छूट मिलती है। जब कोई पुरुष उम्रदराज होता है, तो उसे अनुभव के साथ और अधिक आकर्षक बनने की छूट मिलती है। मगर जब कोई महिला उम्रदराज होती है, तो अचानक उसकी हर झुर्री, हर किलो वजन, हर ग्रे बाल और उसके शरीर में आया हर बदलाव सार्वजनिक बहस का विषय बन जाता है।' खुशबू ने कहा, 'कटरीना कैफ खूबसूरत थीं, हैं और हमेशा रहेंगी। मैं जिसने खुद मातृत्व और शरीर में बदलाव का अनुभव किया है इस सफर को गहराई से समझती हूं। मैं जानती हूं कि अपने शरीर के लिए जज किए जाने पर कैसा महसूस होता है। जब मेरा वजन ज्यादा था, तो मेरा मजाक उड़ाया जाता था और मुझे ऐसी महिलाओं के रोल के लिए इस्तेमाल किया जाता था जिन्हें 'मोटा और बदसूरत' माना जाता था। आज वजन कम करने के बाद मुझसे पूछा जाता है, या यूं कहें कि समाज ने मान लिया है कि मैं इंजेक्शन ले रही हूं। समाज के इन लोगों में से कितनों ने मेरे लिए ये इंजेक्शन खरीदने के लिए पैसे दिए हैं?' खुशबू ने लिखा कि महिलाएं 'हर उस आदमी' को जवाबदेह नहीं हैं जो सोचता है कि वह महिलाओं को परिभाषित कर सकता है। उन्होंने अभिनेत्री को सलाह देते हुए लिखा 'कटरीना, तुमने हमेशा अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर, सम्मान, शालीनता और आत्म-सम्मान के साथ जी है। आगे भी ऐसा ही करती रहो।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी: 'इंडियाज गॉट लैटेंट 2' में

## समय रैना ने क्यों उड़ाया अभिनेता का मजाक?




Nawazuddin Siddiqui: शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के सीजन 2 में समय रैना ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी का मजाक उड़ाया है। फिल्म 'थामा' में उनकी अदाकारी के लिए उन्हें रोस्ट किया गया है। नवाजुद्दीन ने भी समय का साथ दिया है। आलिया भट्ट, शरवरी वाघ, मेधा शंकर और वरुण धवन के बाद, नवाजुद्दीन सिद्दीकी बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं जो समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के सीजन 2 के पैनल में शामिल हुए हैं। शो के दौरान, समय ने नवाजुद्दीन की फिल्म 'थामा' में उनकी परफॉर्मेंस पर मजाक उड़ाया। यह एक वैम्पायर कॉमेडी फिल्म थी, जिसे इस साल की शुरुआत में रिलीज होने पर खराब रिव्यू मिले थे।

**समय रैना ने नवाजुद्दीन से पूछा सवाल**

नवाजुद्दीन से बात करते हुए समय ने पूछा, 'सर, आपने 'थामा' क्यों की? आपने इसे बनाया ही क्यों?' नवाजुद्दीन ने थोड़ा रुक कर पूछा, 'थामा?' फिर थोड़ी देर रुकने के बाद उन्होंने कहा, 'खैर, बन गई। अब तो हो गया।' जब समय ने पूछा, 'सर, हम ऐसी बातें कह सकते हैं, है ना?' तो नवाजुद्दीन ने जवाब दिया, 'हां, बिल्कुल। आपने तो कह ही दिया है। अब और क्या कह सकते हैं?' फिर समय ने कहा, 'नहीं, नहीं, मुझे इजाजत लेनी चाहिए।' इस पर नवाज़ुद्दीन ने जवाब दिया, 'आपको सच में लेनी चाहिए।' समय रैना ने जल्द ही बात बदली और 'सेक्रेड गेम्स' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी की परफॉर्मेंस की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'लेकिन 'सेक्रेड गेम्स' कमाल की थी। सच में। हर कोई 'सेक्रेड गेम्स' को पसंद करता है।' फिर समय ने मजाक में कहा, 'उसमें नवाज सर ने ड्रग्स ली, शराब पी, वेश्याओं के साथ सोए और फिर सेट पर आ गए।' इस पर नवाजुद्दीन ने भी मजाक में साथ देते हुए जवाब दिया, 'मैं आज भी उसी तरह तैयारी करके आया हूं।' इस बात पर समय ने उन्हें चेतावनी दी, 'प्लीज, सोच-समझकर बोलिएगा। इस सीट पर बैठने वाले लोगों ने कुछ बहुत अजीब बातें कही हैं।' ऐसा लग रहा था कि वह रणवीर अल्लाहबादिया की बात कर रहे थे, ह एपिसोड काफी विवादों में रहा था।

# गणेश विसर्जन: नंगे पैर रणबीर कपूर ने दी बप्पा को विदाई

## आलिया भट्ट ने दिया साथ राहा और नीतू भी आईं नजर



Ganesh Visarjan: आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और राहा के साथ गणपति विसर्जन में शामिल हुईं। इस दौरान नीतू कपूर भी नजर आईं। पूरे परिवार ने धूमधाम के साथ त्योहार का समापन किया। इन दिनों बॉलीवुड के सितारे गणपति विसर्जन को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और नीतू कपूर गणपति विसर्जन के लिए एक साथ आए। उन्होंने प्रार्थना, मंत्रों और बप्पा को प्यार भरी विदाई के साथ अपने परिवार के त्योहार का समापन किया। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर विसर्जन के वीडियो सामने आए, जिनमें परिवार को रस्मों में हिस्सा लेते हुए और विसर्जन के लिए जुलूस को आगे बढ़ते हुए देखा गया। विसर्जन से पहले रणबीर पैपराजी का अभिवादन करते हुए भी दिखे। कैमरे के सामने पोज देने से पहले, रणबीर ने पैपराजी को मिठाइयां बांटी और नीतू व आलिया को अपनी बेटी राहा के साथ बुलाया। विदाई के समय गणपति की मूर्ति ले जाने में अभिनेता ने मुख्य भूमिका निभाई। ऑरेंज कुर्ता और सफेद पतलून पहने वह नंगे पैर चले और सजी हुई मूर्ति को संभाले रहे। एक और क्लिप में रणबीर, आलिया और नीतू को जश्न के दौरान एक साथ 'गणपति बप्पा मोरया' का जाप करते हुए देखा गया।

# गोंधल: महाराष्ट्र की सदियों पुरानी परंपरा पर बनी फिल्म ने मारी ऑस्कर में एंट्री जानें क्या है 'गोंधल' रस्म?




Marathi film Gondhal: मराठी सिनेमा की फिल्म 'गोंधल' को 2027 में होने वाले 99वें अकादमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री चुना गया है। लेकिन आखिर गोंधल क्या है और महाराष्ट्र में इसका इतना महत्व क्यों है? आइए जानते हैं। संतोष दावखर के निर्देशन में बनी फिल्म 'गोंधल' ने 33 अन्य फिल्मों को पीछे छोड़कर अकादमी अवॉर्ड्स में जगह बनाई है। फिल्म की कहानी महाराष्ट्र की सदियों पुरानी धार्मिक परंपरा गोंधल के इर्द-गिर्द घूमती है। विस्तार से जानिए इस परंपरा के बारे में।

**क्या है गोंधल?**

गोंधल महाराष्ट्र की एक पारंपरिक धार्मिक रस्म है। इसमें भजन, संगीत, नृत्य और देवी-देवताओं की पूजा शामिल होती है। इस रस्म को आमतौर पर 'गोंधली' समुदाय के लोग करते हैं। गोंधल में पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ भक्ति गीत गाए जाते हैं और नृत्य किया जाता है। यह रस्म खास तौर पर रात के समय होने वाले आयोजनों से जुड़ी रही है। महाराष्ट्र में शादी जैसे पारिवारिक मौकों पर भी गोंधल का आयोजन किया जाता है। इस दौरान ढोल जैसे वाद्य यंत्रों के साथ तुंतुणे, धातु के वाद्य और मशाल या दीपक का इस्तेमाल किया जाता है। कलाकार गीत और नृत्य के जरिए देवी-देवताओं का आह्वान करते हैं और आखिर में आरती के साथ रस्म पूरी होती है। गोंधल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है और रातभर संगीत और भक्ति के माहौल में है

# पीएम मोदी जन्मदिन: सलमान बोले 'पीएम साहब'

## शाहरुख ने की अच्छे स्वास्थ्य की कामना सेलेब्स ने कुछ ऐसे दी बधाई



PM Modi Birthday: देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपना 76वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर उन्हें अलग-अलग क्षेत्रों की मशहूर हस्तियों ने बधाई दी है। बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों ने भी पीएम मोदी को खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर बॉलीवुड से उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। शाहरुख खान से लेकर सलमान खान तक कई बड़े कलाकारों ने सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी। शाहरुख खान ने पीएम मोदी की तारीफ की। वहीं सलमान खान ने उन्हें प्यार से नरेंद्र भाई मोदी कहकर संबोधित किया। शाहरुख खान ने पीएम मोदी को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा 'आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी। आपके अच्छे स्वास्थ्य, खुशी और सफलता के लिए बधाई। आप हमेशा देश को प्रेरित करने की ताकत और सकारात्मकता बनाए रखें।'

# सोनारिका भदोरिया: कटरीना कैफ की ट्रोलिंग के बीच चर्चा में अभिनेत्री की पोस्ट बच्चे वाली महिलाओं से की ये अपील



Sonarika Bhadoria: हाल ही में कटरीना कैफ को उनके बढ़े वजन के लिए ट्रोल किया गया। इस बीच टीवी अभिनेत्री सोनारिका भदोरिया ने बच्चे वाली महिलाओं और उन्हें ट्रोल करने वाले यूजर्स को सलाह दी है। प्रेग्नेंसी के बाद कटरीना कैफ के बढ़े वजन को लेकर चर्चा के बीच अभिनेत्री सोनारिका भदोरिया की एक पोस्ट वायरल हो रही है। 'देवों के देव... महादेव' की अभिनेत्री सोनारिका भदोरिया ने पोस्ट में बताया कि प्रेग्नेंसी के बाद महिलाओं के शरीर को लेकर लोग कैसी-कैसी बातें करते हैं। सोनारिका ने भी दिसंबर 2025 में कैटरीना के ठीक एक महीने बाद, एक बेटी को जन्म दिया था।

**सोनारिका ने बिना नाम लिए किया पोस्ट**

टीवी अभिनेत्री सोनारिका ने लोगों से अपील की कि वे हाल ही में मां बनी महिलाओं के प्रति सहानुभूति रखें। सोनारिका ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया। हालांकि, यह पोस्ट कैटरीना को लेकर चल रही ऑनलाइन चर्चाओं के बीच आई है, जिन्हें हाल ही में पति विक्की कौशल के साथ बाहर निकलने पर उनके लुक के लिए ट्रोल किया गया था। सोनारिका ने लिखा, 'किसी ऐसी महिला को देखकर यह तय करना कि उसका शरीर अब पब्लिक प्रॉपर्टी है, जिसने अभी-अभी इस दुनिया में एक नई जान को जन्म दिया है बहुत ही बेरहम बात है। आप उन रातों को नहीं देखते जो उन्होंने जागते हुए बिताईं। जब उनका शरीर आराम मांग रहा था, तब उन्होंने एक नन्हे बच्चे को दूध पिलाते हुए वो रातें गुजारीं। ऐसी दुनिया में जो महिलाओं से कहती है कि मां बनने के लिए उन्हें सब कुछ कुर्बान कर देना चाहिए, वहां हम उनसे उम्मीद करते हैं कि वे मां बनने के बाद भी बिल्कुल वैसी ही दिखें जैसे पहले थीं। ऐसा लगता है कि जैसे हम उनसे कह रहे हों कि प्रेग्नेंसी से उनकी जिंदगी तो बदलनी चाहिए लेकिन उनका शरीर नहीं।' महिलाओं को सलाह देते हुए सोनारिका ने लिखा, 'उसे आपको कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है। बच्चे के जन्म के बाद का शरीर, महिला के पुराने शरीर का 'फेल' वर्जन नहीं होता। यह एक सबूत है। इस बात का सबूत कि उसके साथ कुछ असाधारण हुआ है। आपका शरीर खराब नहीं हुआ है।

# Aaj ka Rashifal 19 September

## इन 3 राशि के लोगों का चमकेगा भाग्य, पूरे होंगे सभी अटके काम




**19 सितंबर 2026 का आज का राशिफल:** करियर, व्यापार, धन, प्रेम, परिवार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज ग्रहों की स्थिति का क्या प्रभाव रहेगा? किस राशि को मिल सकता है कोई नया अवसर और किसे आज सावधानी बरतने की जरूरत है?

**Rashifal 19 September 2026:** 19 सितंबर 2026 का दिन कुछ राशि के जातकों के लिए नई उम्मीद और अवसर लेकर आएगा। वहीं, कुछ राशि वालों को निवेश के मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत होगी। ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति का असर सभी 12 राशियों पर अलग-अलग देखने को मिलेगा। ऐसे में आइए 19 सितंबर 2026 का राशिफल जानते हैं।

### मेष

आज का दिन आपके लिए उत्साह और उपलब्धियों से भरा रह सकता है। कारोबारियों को धन लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे और साझेदारी में शुरू किया गया काम भी फायदा दे सकता है। जमीन-जायदाद से जुड़ा कोई पुराना मामला सुलझने की संभावना है। ऑफिस में नई पहल करने के लिए समय अनुकूल है और करियर में बदलाव के साथ तरक्की के नए रास्ते खुल सकते हैं। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार अवसर मिल सकता है। सामाजिक या पर्यावरण से जुड़ी किसी बड़ी मुहिम का हिस्सा बनने का मौका भी मिलेगा।

### वृषभ

आज आपके जीवन में कोई सुखद बदलाव दस्तक दे सकता है। प्रॉपर्टी से जुड़े काम करने वालों को अचानक धन लाभ मिलने के योग हैं और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। महिलाओं को जीवनसाथी की ओर से कोई प्यारा सरप्राइज मिल सकता है, जिससे पूरे दिन चेहरे पर मुस्कान बनी रहेगी। कारोबार की भागदौड़ कुछ कम होगी और आप नई योजनाओं पर ध्यान दे पाएंगे। ऑफिस में आपके काम की प्रशंसा होगी और जूनियर आपसे सीखने की कोशिश करेंगे। माता के स्वास्थ्य में भी सुधार से मन को राहत मिलेगी।

### मिथुन

आज आत्मविश्वास आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा। ऑफिस में दिया गया आपका कोई महत्वपूर्ण सुझाव बड़ी डील को अंतिम रूप दिला सकता है, जिससे वरिष्ठ अधिकारी आपसे प्रभावित होंगे और पदोन्नति की राह खुल सकती है। विरोधी आज आपसे दूरी बनाए रखना ही बेहतर समझेंगे। अनुभवी और प्रभावशाली लोगों से मुलाकात भविष्य में आपके लिए उपयोगी साबित हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है। प्रेम जीवन में भी उत्साह रहेगा और पार्टनर के साथ किसी खूबसूरत जगह घूमने की योजना बन सकती है।

### कर्क

आज आपके लिए खुशियों की नई शुरुआत हो सकती है। लंबे समय से जिस विशेष काम को पूरा करने का इंतजार था, वह आज पूरा होने की संभावना है और आने वाले समय में इसके सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। जीवन के बड़े फैसले भावनाओं में बहकर लेने से बचें और घर के अनुभवी लोगों की सलाह जरूर लें। टेक्नोलॉजी क्षेत्र से जुड़े लोगों को नौकरी के अच्छे अवसर मिल सकते हैं। व्यापार में उतार-चढ़ाव चल रहा है तो जीवनसाथी का सहयोग स्थिति को जल्द संभालने में मदद करेगा। खिलाड़ियों के लिए भी दिन उत्साह बढ़ाने वाला है और किसी बड़े टूर्नामेंट में अवसर मिल सकता है।

### सिंह

आज कई ऐसी बातें स्पष्ट हो सकती हैं जो पिछले कुछ समय से आपके मन में उलझन पैदा कर रही थीं। किसी महत्वपूर्ण काम से बड़ा फायदा मिलने के साथ कोई अधूरा काम भी पूरा हो सकता है। हालांकि बढ़ते खर्च आपके बजट को थोड़ा हिला सकते हैं, इसलिए पैसों को लेकर संतुलन बनाए रखें। निजी काम में भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। नवविवाहित दंपति धार्मिक यात्रा या दर्शन की योजना बना सकते हैं। ऑफिस में आपकी शानदार परफॉर्मेंस देखकर वरिष्ठ अधिकारी आपके प्रमोशन पर विचार कर सकते हैं।

### कन्या

आज का दिन आपके भीतर नई ताजगी और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आएगा। कारोबारी लोगों के लिए अपनी योजनाओं को गुप्त रखना फायदेमंद रहेगा। आपके सोचे हुए कई काम पूरे हो सकते हैं, लेकिन किसी नए निवेश से पहले पूरी जांच-पड़ताल करना जरूरी है। जल्दबाजी या बिना योजना की खरीदारी आर्थिक संतुलन बिगाड़ सकती है। शाम का समय परिवार और बच्चों के साथ खुशी से बीतेगा। दोस्तों के साथ घूमने का मौका भी मिल सकता है। जीवनसाथी की ओर से मिला कोई खूबसूरत उपहार रिश्ते में प्रेम और मिठास बढ़ाएगा।

### तुला

आज भाग्य आपके पक्ष में मजबूती से खड़ा नजर आएगा। जीवनसाथी का कोई व्यवहार या काम आपको बेहद खुशी दे सकता है। कारोबार में सामने आने वाली कुछ नई जानकारियां भविष्य में आपके लिए काफी फायदेमंद साबित होंगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और किसी नए काम की शुरुआत करना भी शुभ परिणाम दे सकता है। धन कमाने के नए अवसर सामने आ सकते हैं। इंजीनियरिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है। शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वालों को किसी कॉलेज से नौकरी या शिक्षण से जुड़ा प्रस्ताव मिल सकता है।

### वृश्चिक

आज आपकी मेहनत रंग लाएगी और किसी यात्रा से भी लाभ मिलने के संकेत हैं। अगर कहीं बाहर जा रहे हैं तो जरूरी दस्तावेज और सामान पहले से अच्छी तरह जांच लें। दिन की शुरुआत में थोड़ा आलस्य महसूस हो सकता है, लेकिन एक बार काम की गति पकड़ने के बाद आप शानदार प्रदर्शन करेंगे। आपकी मेहनत का उचित परिणाम मिलने की संभावना है। आपका आकर्षक व्यक्तित्व लोगों को प्रभावित करेगा और सामाजिक दायरा बढ़ेगा। किसी दूर रहने वाले रिश्तेदार के अचानक घर आने से परिवार में खुशी का माहौल बन सकता है।

### धनु

आज समझदारी से उठाया गया हर कदम आपके लिए लाभ का रास्ता खोल सकता है। बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से अनुकूल रहेगा और पदोन्नति का अवसर मिल सकता है। मन में अधिक कमाई के नए विचार आएंगे, जिन्हें सही दिशा देने पर भविष्य में अच्छा फायदा हो सकता है। किसी कठिन परिस्थिति में मित्र का सहयोग मिलेगा और आपकी दोस्ती पहले से भी मजबूत होगी। आज हर बात तुरंत कह देना जरूरी नहीं है। सही समय का इंतजार करके अपनी बात रखना आपके हित में रहेगा।

### मकर

आज का दिन आपके लिए किसी अच्छी सौगात जैसा साबित हो सकता है। कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए समय अनुकूल है और पहले से बनाई गई योजनाओं को अमल में लाने से अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आसपास के लोग आपके व्यवहार और काम से प्रसन्न रहेंगे। किसी पुरानी उलझन का समाधान मिलने से मन हल्का होगा। पर्यटन या यात्रा से जुड़े कारोबार में आर्थिक लाभ के संकेत हैं। हालांकि कार्यक्षेत्र में विरोधियों से सावधान रहें, क्योंकि कोई आपके व्यापार को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकता है। छात्रों को किसी बड़े भाई या बहन का सहयोग मिल सकता है।

### कुंभ

आज आपका मन आध्यात्मिक गतिविधियों की ओर अधिक आकर्षित रहेगा और भीतर से शांति महसूस होगी। ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा और लोग आपकी बात को गंभीरता से लेंगे। नवविवाहित दंपति को किसी पारिवारिक सामाजिक समारोह में शामिल होना पड़ सकता है, जहां किसी खास व्यक्ति से मुलाकात मन को प्रसन्न कर सकती है। नया कारोबार शुरू करने की सोच रहे हैं तो माता-पिता की सलाह बेहद उपयोगी साबित होगी। छात्रों का पढ़ाई में मन लगेगा और घर से दूर रहकर पढ़ाई करने वालों को बड़ी सफलता मिलने की संभावना है। प्रेम संबंधों में आज एक-दूसरे की भावनाओं को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे।

### मीन

आज का दिन खुशियों और मानसिक संतोष से भरा रह सकता है। स्वास्थ्य पहले की तुलना में बेहतर रहेगा और कॉलेज या कार्यस्थल पर दोस्तों के साथ हंसी-मजाक का माहौल बना रहेगा। किसी विषय पर दिलचस्प चर्चा भी हो सकती है। हालांकि खुद को बेवजह के कामों में उलझाने से बचें, वरना जरूरी कामों के लिए समय कम पड़ सकता है। आज किसी जरूरतमंद की मदद करने का अवसर मिले तो उसे हाथ से न जाने दें। किसी के काम आकर आपको भीतर से संतोष और खुशी का अनुभव होगा।

# Aaj Ka Love Rashifal

## आज का लव राशिफल : मेष-वृषभ सहित इन राशि वालों की लव लाइफ में बढ़ेगा प्रेम, शादी के बनेंगे योग



**Aaj Ka Love Rashifal 19 September 2026:** प्रेम और रिश्तों के लिहाज से आज का दिन कैसा रहेगा? जानिए सभी 12 राशियों के लिए प्यार, रिश्ते और पार्टनर से जुड़े खास संकेत।

**Today Love Horoscope 19 September 2026:** आज का दिन प्रेम जीवन के लिहाज से कुछ राशि के खास रहेगा। किसी के रिश्ते में प्यार और नजदीकियां बढ़ेंगी, तो वहीं कुछ लोगों के रिश्तों में तनाव बढ़ सकता है। आइए जानते हैं, 19 सितंबर 2026 का आज का लव राशिफल।

## साप्ताहिक राशिफल 21-27 सितंबर: इन 5 राशियों पर रहेगी ग्रहों की विशेष कृपा, पढ़ें 12 राशियों का हाल




साप्ताहिक राशिफल (21 से 27 सितंबर): सितंबर का चौथा सप्ताह धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद खास रहने वाला है। ऐसे में आइए जानते हैं 21 से 27 सितंबर 2026 तक का साप्ताहिक राशिफल।

सितंबर का चौथा सप्ताह यानी 21 से 27 सितंबर 2026 ज्योतिषीय दृष्टि से कई महत्वपूर्ण ग्रह नक्षत्र और राशि परिवर्तनों के कारण खास रहने वाला है। इस सप्ताह 21 सितंबर को बुध चित्रा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे, जिससे बुद्धि, संवाद, रचनात्मकता, व्यापार और आर्थिक मामलों पर प्रभाव पड़ सकता है। वहीं 26 सितंबर को बुध तुला राशि में प्रवेश करेंगे, जहां उनकी शुक्र के साथ युति बनेगी। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार यह समय बातचीत, साझेदारी, व्यापारिक समझौतों और वित्तीय निर्णयों के लिहाज से महत्वपूर्ण हो सकता है। इस दौरान सूर्य कन्या राशि और मंगल कर्क राशि में रहेंगे, जिससे सप्ताह में कामकाज, स्वास्थ्य, परिवार, करियर और भावनात्मक फैसलों से जुड़े विषय प्रमुख रह सकते हैं।

## 26 सितंबर से लक्ष्मी नारायण राजयोग, जानें 12 राशियों में किसे लाभ और किसे करना होगा इंतजार?




26 सितंबर को बुध-शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग बनने जा रहा है। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार इसका असर सभी 12 राशियों पर देखने को मिल सकता है। जानें किस राशि को धन, करियर और कारोबार में लाभ मिलेगा और किसे थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है।

ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों की चाल और उनकी युति का विशेष महत्व माना जाता है। जब शुभ ग्रह एक-दूसरे के साथ आते हैं, तो उनके संयोग से बनने वाले योग का प्रभाव कई राशियों के जीवन में देखने को मिल सकता है। सितंबर के अंत में बुध और शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग बनने जा रहा है। बुध को बुद्धि, वाणी, व्यापार और तर्क का कारक माना जाता है, जबकि शुक्र धन, प्रेम, सुख-सुविधा, कला और ऐश्वर्य से जुड़े ग्रह माने जाते हैं। ऐसे में इन दोनों ग्रहों का मिलन आर्थिक और करियर के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि इस योग का असर सभी राशियों पर एक जैसा नहीं रहेगा। कुछ राशियों के लिए यह समय बेहद शुभ रह सकता है,जबकि कुछ लोगों को लाभ पाने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। तो आइए जानते हैं 26 सितंबर 2026 को बनने वाले लक्ष्मी नारायण राजयोग का सभी 12 राशियों पर क्या प्रभाव पड़ेगा और किन जातकों के लिए यह योग धन, करियर और कारोबार में नई उम्मीद लेकर आ सकता है।

**मेष राशि**

मेष राशि वालों के लिए यह योग कार्यक्षेत्र में नए अवसर लेकर आ सकता है। नौकरीपेशा लोगों को किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में जिम्मेदारी मिल सकती है। कारोबार में नए लोगों से संपर्क बनेंगे, जो आगे चलकर लाभदायक साबित हो सकते हैं।

## गुरु-चंद्र राशि परिवर्तन योग 2026: आज रात बनेगा शुभ संयोग, इन 4 राशियों को मिलेगा लाभ




18 सितंबर 2026 की रात को गुरु-चंद्र राशि परिवर्तन योग का निर्माण होगा। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार इस योग का असर कुछ राशि के जातकों के करियर, धन, शिक्षा और व्यक्तिगत जीवन पर देखने को मिल सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों के लिए यह समय खास माना जा रहा है।

ज्योतिष में बृहस्पति और चंद्रमा को शुभ प्रभाव देने वाले ग्रहों में गिना जाता है। जब इन दोनों ग्रहों की स्थिति एक-दूसरे से विशेष संबंध बनाती है तो कुंडली के अनुसार इसका प्रभाव कुछ राशियों पर सकारात्मक माना जाता है। 18 सितंबर 2026 की रात भी ऐसा ही संयोग बनने जा रहा है। रात करीब 10:45 बजे चंद्रमा धनु राशि में प्रवेश करेंगे, जबकि गुरु इस समय चंद्रमा की राशि कर्क में स्थित रहेंगे। इस तरह दोनों ग्रह एक-दूसरे की राशियों में आ जाएंगे और गुरु-चंद्र राशि परिवर्तन योग का निर्माण होगा। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार इस योग का असर कुछ राशि के जातकों के करियर, धन, शिक्षा और व्यक्तिगत जीवन पर देखने को मिल सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों के लिए यह समय खास माना जा रहा है।

## आज का अंक ज्योतिष: इन चार मूलांक के लोगों को मिलेगी सफलता, आज चमक सकती है सोई हुई किस्मत




आज का अंक ज्योतिष 19 सितंबर 2026: अंक ज्योतिष के अनुसार आज का दिन कुछ मूलांक वालों के लिए खास रह सकता है। जानें सभी मूलांक वालों के लिए करियर, धन, प्रेम और सेहत के मामले में कैसा रहेगा दिन।

Numerology 19 September 2026: अंक ज्योतिष के अनुसार आज का दिन कुछ मूलांक वालों के लिए शुभ रह सकता है। कुछ जातकों को निवेश और व्यापार को लेकर मनचाहा लाभ हो सकता है। लेकिन कुछ को सेहत परेशान कर सकता है। आइए जानते हैं 1 से 9 तक के सभी मूलांक वालों का हाल।

अंक 1

सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। काम को लेकर किसी यात्रा पर आप जा सकते हैं। भाग्य के लिहाज से दिन अच्छा रह सकता है। इस समय आप आत्मविश्वास के साथ जीवन की सभी परिस्थितियों का सामना करने में सफल होंगे।

शुभ अंक - 43

# विराट-रोहित नहीं: इस भारतीय से खौफ खाते थे पैट कमिंस?
## कहा- वह 100 डॉट गेंदें खेल लेते थे पर मौका नहीं देते थे




ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने विराट कोहली और रोहित शर्मा के बजाय इस भारतीय क्रिकेटर को अपने करियर में सामना किया सबसे मुश्किल भारतीय बल्लेबाज बताया है। कमिंस ने उनकी धैर्य और लंबे समय तक क्रीज पर टिके रहने की क्षमता की तारीफ करते हुए कहा कि वह गेंदबाजों को गलती करने का मौका नहीं देते थे। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने अपने करियर में सामना किए सबसे मुश्किल भारतीय बल्लेबाज का नाम बताया है। खास बात यह है कि उन्होंने विराट कोहली या रोहित शर्मा को नहीं, बल्कि टेस्ट क्रिकेट में अपनी डिफेंसिव बल्लेबाजी और धैर्य के लिए पहचाने जाने वाले चेतेश्वर पुजारा को चुना। कमिंस के मुताबिक, पुजारा के खिलाफ गेंदबाजी करना इसलिए मुश्किल था क्योंकि वह लंबे समय तक क्रीज पर टिके रह सकते थे और गेंदबाजों को विकेट लेने का मौका आसानी से नहीं देते थे। हाल ही में एक बातचीत के दौरान कमिंस से अलग-अलग देशों के उन सबसे मुश्किल खिलाड़ियों का नाम पूछा गया, जिनका उन्होंने अपने करियर में सामना किया। भारत के लिए उन्होंने पुजारा का नाम लिया। कमिंस ने कहा, 'भारत के लिए मैं पुजारा का नाम लूंगा। उन्हें आउट करना वाकई बहुत मुश्किल है। यह ऐसा है जैसे हजारों छोटे-छोटे कागजी कट लगते रहें। अगर वह चाहें तो 100 डॉट गेंदें खेलने में भी उन्हें कोई दिक्कत नहीं होगी। वह आपको मौका नहीं देने वाले।' कमिंस का इशारा पुजारा की उस बल्लेबाजी शैली की ओर था, जिसमें वह खराब गेंद का इंतजार करते हुए लंबे समय तक क्रीज पर टिके रहते थे। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के खिलाफ भी पुजारा कई बार भारतीय पारी को संभाल चुके हैं। कमिंस ने पाकिस्तान के लिए पूर्व ऑफ स्पिनर सईद अजमल का नाम लिया। उन्होंने अजमल की गेंदबाजी को अपने लिए बेहद असामान्य अनुभव बताया। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान के लिए सईद अजमल। यह बिल्कुल अलग तरह के गेंदबाज थे। मैं ओवर की आखिरी गेंद पर आया और सईद अजमल ने गेंद फेंकी। मैंने सोचा, ये क्या था? और मैं क्लीन बोल्ड हो गया। मैंने ऐसा कुछ पहले कभी नहीं देखा था।' इंग्लैंड के लिए कमिंस ने पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक, दक्षिण अफ्रीका के लिए एबी डिविलियर्स, न्यूजीलैंड के लिए ब्रेंडन मैकुलम, श्रीलंका के लिए तिलकरत्ने दिलशान और वेस्टइंडीज के लिए क्रिस गेल को चुना। कमिंस की सूची में शामिल सभी खिलाड़ी अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। पुजारा ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने भारत के लिए 103 टेस्ट मैचों में 7,195 रन बनाए। उनका बल्लेबाजी औसत 43.60 रहा और उन्होंने 19 शतक व 35 अर्धशतक लगाए। पुजारा ने भारत के लिए पांच वनडे भी खेले, जिनमें उनके नाम 51 रन हैं।

# एशिया कप की दोनों ट्रॉफियां भारत कब आएंगी:




एशिया कप की दोनों ट्रॉफी बीसीसीआई कार्यालय पहुंचने को लेकर सचिव देवजीत सैकिया ने भरोसा जताया है। उन्होंने अजीत अगरकर के भविष्य पर भी अहम बात कही। भारतीय पुरुष और महिला टीमों द्वारा जीती गई एशिया कप की ट्रॉफियां फिलहाल बीसीसीआई के पास नहीं हैं। अब बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है कि दोनों ट्रॉफियां एक दिन बीसीसीआई मुख्यालय जरूर पहुंचेंगी, हालांकि उन्होंने इसकी कोई समयसीमा बताने से इनकार किया। सैकिया ने शुक्रवार को बीसीसीआई की 95वीं एजीएम के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि एशिया कप की दोनों ट्रॉफियां एक दिन बीसीसीआई के वानखेड़े स्टेडियम स्थित कार्यालय में पहुंचेंगी।

**पुरुष और महिला टीम ने ट्रॉफी लेने से किया था इनकार**

भारत की पुरुष और महिला टीमों ने एशिया कप जीतने के बाद ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी उस समय ट्रॉफी देने के लिए मौजूद थे। नकवी पाकिस्तान सरकार में गृह मंत्री भी हैं। भारतीय पुरुष टीम ने पिछले साल दुबई में पाकिस्तान को फाइनल में हराकर एशिया कप टी20 टूर्नामेंट का खिताब जीता था। वहीं, भारतीय महिला टीम ने इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका को हराकर खिताब अपने नाम किया। सैकिया ने कहा कि एशिया कप की ट्रॉफियां एक दिन जरूर आएंगी। मैं आपको कोई समयसीमा नहीं बताऊंगा, लेकिन मैं भरोसा दिला सकता हूं कि दोनों ट्रॉफियां वानखेड़े स्टेडियम स्थित बीसीसीआई कार्यालय में पहुंचेंगी।

**अजीत अगरकर के भविष्य पर क्या बोले?**

चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर के भविष्य को लेकर पूछे गए सवाल पर सैकिया ने कहा कि अभी 15 दिन बाकी हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट की दुनिया में 15 दिन काफी लंबा समय होता है। इस बयान से संकेत मिलता है कि अगरकर के भविष्य को लेकर फिलहाल अंतिम स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसलिए फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि अगरकर का जाना तय है।

**एशियाई खेलों में महिला टीम से स्वर्ण की उम्मीद**

सैकिया ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के प्रदर्शन पर भी बात की। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई को भरोसा है कि भारतीय महिला टीम एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत सकती है। उन्होंने बताया कि टीम ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में जापान को हराया। सैकिया ने पिछले सप्ताह दुबई में टीम की शानदार जीत के लिए भी उसे बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय महिला टीम ने जापान के खिलाफ पहला मुकाबला अच्छी तरह जीता है और उम्मीद है कि वह 22 सितंबर को एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतेगी।

# भारतीय प्लेइंग-11 में बदलाव तय!: वैभव सूर्यवंशी को मिलेगा मौका? संजू नहीं; इस खिलाड़ी को दिया जा सकता है आराम




IND vs AFG T20 Playing 11: श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली भारतीय टीम अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगी। तीसरे टी20 के लिए भारत प्लेइंग-11 में बदलाव कर सकता है। ऐसे में वैभव सूर्यवंशी जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी को मौका मिल सकता है।

भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त ले चुकी है। अब दोनों टीमों के बीच गुरुवार को आखिरी मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत ने शुरुआती दो मैचों में वैभव सूर्यवंशी को मौका नहीं दिया था, लेकिन अब संकेत मिले हैं कि उन्हें प्लेइंग-11 में जगह मिल सकती है। भारत की नजरें इस मैच को जीतकर क्लीन स्वीप करने पर होंगी।

कप्तान के बयान से मिले बदलाव के संकेत

भारतीय टीम ने पहले दो मैच में दमदार प्रदर्शन किया और अफगानिस्तान को खेल के हर विभाग में पस्त किया। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को दूसरे मैच के बाद कहा था कि तीसरे और अंतिम मैच में टीम संयोजन में बदलाव हो सकता है ताकि सभी खिलाड़ियों को 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों के लिए जापान रवाना होने से पहले जरूरी मैच अभ्यास का मौका मिल सके। अब तक के चयन से यह स्पष्ट हो गया है कि भारत सूर्यवंशी को जगह देने के लिए कोई विशेष प्रयास करने को तैयार नहीं है। सूर्यवंशी ने जुलाई में इंग्लैंड दौरे पर डेब्यू किया था क्योंकि तब संजू सैमसन सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे।

**बल्लेबाजी क्रम में बदलाव संभव**

अब सैमसन और अभिषेक शर्मा दोनों ही अच्छी फॉर्म में हैं। यह दोनों खिलाड़ी एक ही प्रारूप में नियमित रूप से खेलते हैं और इसलिए वह भी विश्राम नहीं लेना चाहेंगे। ऐसे में टीम प्रबंधन को बदलाव का फैसला करना होगा। ईशान किशन को विश्राम देकर सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में शामिल करने का विकल्प भी मौजूद है। किशन ने राष्ट्रीय टीम में शामिल होने से पहले दलीप ट्रॉफी में पूर्वी क्षेत्र की कप्तानी की थी।

# एशियन गेम्स 2026: जापान-मलयेशिया जैसे देश भी क्रिकेट में हिस्सा लेंगे? सभी के स्क्वॉड-फॉर्मेट और शेड्यूल देखें

एशियन गेम्स 2026 में क्रिकेट मुकाबलों का रोमांच चरम पर होगा। महिला और पुरुष वर्ग में एशिया की मजबूत टीमें पदक के लिए उतरेंगी। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश समेत कई टीमों की टक्कर पर नजर रहेगी। महिला मुकाबले 17 सितंबर से, जबकि पुरुष क्रिकेट 24 सितंबर से शुरू होगा।

एशियाई खेलों को शुरू होने में अब बस कुछ ही दिनों का वक्त रह गया है। वैसे तो इन खेलों में हर स्पर्धा दिलचस्प होती है, लेकिन फैंस को बेसब्री क्रिकेट को लेकर सबसे ज्यादा है। भारतीय पुरुष और महिला, दोनों क्रिकेट टीमें स्वर्ण का बचाव करने उतरेंगी। 2023 एशियाई खेलों में ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई में पुरुष क्रिकेट टीम ने स्वर्ण जीता था, जबकि स्मृति मंधाना की अगुआई में महिला क्रिकेट टीम ने भी स्वर्ण पर कब्जा जमाया था। इस बार भी दोनों वर्गों में स्वर्ण की ही आस है।

हालांकि, भारतीय टीम के लिए अभियान आसान नहीं रहने वाला है। इस सफर को दोनों ही वर्गों में भारत को श्रीलंका, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसी टीमों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। पुरुषों में अफगानिस्तान भी मजबूत दावेदार है। पिछले एशियाई खेलों में अफगानिस्तान की टीम फाइनल में पहुंची थी। आइए एक-एक करके दोनों ही वर्गों के सभी देशों के स्क्वॉड, शेड्यूल, फॉर्मेट पर नजर डालते हैं...

**एशियन गेम्स 2026 : महिला क्रिकेट प्रतियोगिता**




**आठ टीमें लेंगी हिस्सा**

एशियन गेम्स 2026 की महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट का आयोजन नॉकआउट प्रारूप में होगा। मुकाबले क्वार्टर फाइनल से शुरू होंगे और इसके बाद सेमीफाइनल तथा पदक मुकाबले खेले जाएंगे।

मेजबान जापान को सीधे प्रतियोगिता में जगह मिली है। क्षेत्र की चार पूर्ण सदस्य टीमें भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका भी सीधे टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई हुईं।

बाकी तीन स्थानों के लिए छह टीमों के बीच 26 से 31 मई तक मलयेशिया के कुआलालंपुर में क्वालिफायर खेला गया। छह टीमों को तीन-तीन के दो ग्रुप में बांटा गया था। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

क्वालिफायर में थाईलैंड विजेता, मलयेशिया उपविजेता और चीन तीसरे स्थान पर रहा।

# कौन होगा टीम इंडिया का नया चीफ सिलेक्टर?: इस नाम की हो रही चर्चा शुभमन गिल की गुजरात टीम के है असिस्टेंट कोच




अजीत अगरकर का कार्यकाल अक्तूबर में खत्म होने वाला है और बीसीसीआई ने उनके भविष्य पर फैसला लेने का अधिकार पदाधिकारियों को दे दिया है। अगर बदलाव हुआ तो शुभमन गिल की टीम गुजरात टाइटंस के असिस्टेंट कोच का नाम नए चीफ सिलेक्टर के लिए चर्चा में है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की 95वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के बाद टीम इंडिया के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के भविष्य को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। अगरकर का मौजूदा कार्यकाल अक्तूबर की शुरुआत में खत्म होने वाला है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि बीसीसीआई उन्हें एक और मौका देगा या सीनियर चयन समिति की जिम्मेदारी किसी नए चेहरे को सौंपी जाएगी।

एजीएम में बीसीसीआई की सदस्य इकाइयों ने चयन समितियों से जुड़े मामलों पर फैसला लेने के लिए बोर्ड के पदाधिकारियों को अधिकृत कर दिया है। इसका मतलब है कि अब अगरकर के कार्यकाल को आगे बढ़ाने या उनकी जगह नया मुख्य चयनकर्ता नियुक्त करने का फैसला बीसीसीआई के पदाधिकारी करेंगे। हालांकि, बैठक के दौरान इस संबंध में कोई अंतिम घोषणा नहीं हुई।अगर बीसीसीआई सीनियर चयन समिति में बदलाव करने का फैसला करता है, तो पार्थिव पटेल संभावित उम्मीदवारों में शामिल हो सकते हैं

पार्थिव पटेल का भारतीय क्रिकेट में लंबा अनुभव रहा है। वह टीम इंडिया के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर खेल चुके हैं। सक्रिय क्रिकेट से संन्यास लिए उन्हें पांच साल से अधिक समय हो चुका है। ऐसे में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, वह बीसीसीआई के चयनकर्ता पद से जुड़ी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। फिलहाल पार्थिव आईपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के असिस्टेंट कोच हैं। गुजरात की टीम में भारतीय युवा बल्लेबाज और टीम इंडिया के मौजूदा वनडे कप्तान शुभमन गिल भी खेलते हैं। पार्थिव कोचिंग के साथ-साथ क्रिकेट कमेंट्री से भी जुड़े हुए हैं। हालांकि, पार्थिव पटेल को मुख्य चयनकर्ता बनाए जाने को लेकर अभी बीसीसीआई की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। उनका नाम फिलहाल संभावित विकल्प के तौर पर ही चर्चा में है। अजीत अगरकर को जुलाई 2023 में भारतीय पुरुष सीनियर चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उनके साथ उस समय शिव सुंदर दास, सुब्रतो बनर्जी, सलिल अंकोला और श्रीधरन शरथ चयन समिति का हिस्सा थे। अब अगरकर के कार्यकाल की अवधि पूरी होने के करीब है। ऐसे में बीसीसीआई के सामने उनके कार्यकाल को आगे बढ़ाने या नई नियुक्ति करने का विकल्प है। AGM में इस संबंध में अंतिम फैसला नहीं हुआ है और अब गेंद बीसीसीआई के पदाधिकारियों के पाले में है। बीसीसीआई को सिर्फ सीनियर चयन समिति को लेकर ही फैसला नहीं करना है। जूनियर पुरुष चयन समिति के सभी पांच पदों को भी भरने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जानी है। ऐसे में आने वाले दिनों में भारतीय क्रिकेट की चयन व्यवस्था से जुड़े कई अहम फैसले सामने आ सकते हैं। फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यही है कि बीसीसीआई अजीत अगरकर के साथ आगे बढ़ता है या सीनियर चयन समिति की कमान किसी नए चेहरे को सौंपता है। अगर बदलाव होता है तो पार्थिव पटेल का नाम संभावित उम्मीदवारों में चर्चा में है, लेकिन अंतिम फैसला बीसीसीआई को ही करना है। AGM में इस संबंध में अंतिम फैसला नहीं हुआ है और अब गेंद बीसीसीआई के पदाधिकारियों के पाले में है।

**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**

**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**

**– सम्पादक**

**R.N.I. No.**
**UPHIN/25/A4228**
**स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक**
**निर्भय कुमार सेंगर**
**के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,**
**बी-9, गायत्री भवन,**
**विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,**
**रामघाट रोड, अलीगढ़**
**(उ.प्र.) से प्रकाशित।**
**मो. 9454428661**
**प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर**
**(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)**
**Email:planetnewsindia776**
**@gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300
















